RNI NO. 56331/93 वर्ष » 31 अंक »319

जयपुर » मंगलवार » 23 अप्रैल, 2024

पृष्ठ » 08 मूल्य » 2 रुपए

# दैनिक खबरों की दुनिया

संस्करण
जयपुर, टोंक, और
मुरैना (मध्य प्रदेश)

Phone : 9414885972, 9829017239 KKDJPR@GMAIL.COM www.khabronkiduniya.com

संपादकीय

खबरों की दुनिया

चुनाव प्रचार चरम पर, आरोप भी निचले स्तर पर

## कांग्रेस राज आया तो महिलाओं के जेवरातों की जाँच होगी

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी** की चुनावी भाषा धीरे-धीरे उग्र होती जा रही हैं, या जान बूझकर कांग्रेस को नीचा दिखाने के लिये पीएम मोदी द्वारा ऐसी भाषा का प्रयोग किया जा रहा हैं। मोदी ने चेतावनी देते हुये कहा कि कांग्रेस के घोषणा पत्र में प्रोपर्टी सर्वे की बात कही गई हैं। यदि प्रोपर्टी सर्वे हुआ तो ऐसे में सोना-चांदी जो मातृशक्ति पहनती हैं। जो उनका स्वाभिमान होता है। उनको उन लोगो में बाट दिया जायेगा जिनके दस-दस बच्चे हैं। मोदी ने भारतीय प्रख्यात अर्थ शास्त्री पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह पर भी गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि मनमोहन सिंह ने भारत के भौतिक साधनों पर पहला अधिकार अल्पसंख्यकों का बताया था। इस प्रकार कांग्रेस प्रारभं से लेकर आजतक तुष्टीकरण की राजनीति करती आई हैं और भविष्य में भी करेगी।



डॉ. एल. सी. भारतीय
प्रधान सम्पादक



### कांग्रेस मजबूत भारत नहीं बना सकती मोदी

एक ओर प्रधानमंत्री महिलाशक्ति को डरा रहे है कि यदि कांग्रेस राज आ गया तो उनके कीमती आभूषण 12 बच्चे पैदा करने वालो को बाट दिये जायेंगे तो दूसरी और कहते है कि कांग्रेस मजबूत भारत नहीं बना सकती। राजनीतिक विश्लेषको का मानना है कि यदि मजबूत भारत नहीं होता तो 1971 में पाकिस्तान का विभाजन कर बांगलादेश नहीं बनता। यह चमत्कार किसी पुरूष ने नही बल्कि एक नारी ने किया जिसका नाम इंदिरा गांधी था। जिसे पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने भारत की दुर्गा कहकर सम्बोधित किया था। भारत मजबूत है इसलिये आप इसके दो बार प्रधानमंत्री रह चुके हो और तीसरी पारी की तैयारी कर रहे हो। कांग्रेस स्वंय अपने कर्मो से हासिले पर चली गई हैं। उसको अब विकास से कोई मतलब नहीं हैं।

### कांग्रेस ने हमेशा दलितो-आदिवासियों अल्पसंख्यकों को डराया

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने भाषणों को बहुत तीखा बना लिया है। पहले चरण के कम मतदान ने प्रधानमंत्री की भाषा से शालीनता कम कर दी हैं। प्रधानमंत्री ने जालोर व अन्य सभाओं को सम्बोधित करते हुये कहा कि कांग्रेस ने हमेशा दलितों,आदिवासियों एवं अल्पसख्यकों को डराकर अपना वोट बैंक पक्का कर रखा हैं। प्रधानमंत्री ने कहा- मैने भ्रष्टो को सजा की गारंटी भी दी है, देशभर के भ्रष्ट थर-थर कांप रहे हैं। जिनमें उच्च राजनीतिक पदों पर रहे लोग ज्यादा हैं। बांसवाड़ा में प्रधानमंत्री ने कहा आदिवासियों में क्या क्षमता नहीं थी? लेकिन कांग्रेस ने अपने 60वर्ष के शासन में इनको महत्व नहीं दिया। हमारे राज में आज आदिवासी महिला देश की राष्ट्रपति है यह कांग्रेस जो पहले ही कर देना चाहिए था। कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा ने प्रधानमंत्री के आरोपो को बेबुनियाद बताते हुए इसकी शिकायत चुनाव आयोग को की हैं। खेड़ा का मानना है कि जब राजा डरता है तब हिन्दू-मुस्लिम करता हैं।

### गुंजल और बिरला की तकरार नें सीमा लांघी

एक ओर प्रधानमंत्री ने सोनिया गांधी के राज्यसभा से चुने जाने पर व्यंग करते हुये कहा कि जो चुनाव नहीं जीत सकते वे राज्यसभा का रास्ता चुनते है। दूसरी और लोकसभाध्यक्ष ओम बिरला और कांग्रेस प्रत्याशी प्रहलाद गुंजल की तकरार भी सारी सीमाएं लांघ चुकी हैं। गुंजल ने तो बिरला पर डॉन दाऊद इब्राहिम के साथ सम्बंध जोड़ने में कोई और कसर नहीं छोड़ी हैं। आये दिन गुजंल और बिरला एक दूसरे पर गरिमा के विपरीत निम्नस्तर के आरोप लगा रहे हैं।

चुनाव तो चार दिन के है। ऐसी बाते मत बोलो चुनाव जीतने या हारने के बाद आपको शर्मिंदगी महसूस करनी पड़े। चुनाव तो आते जाते रहते है। एक दूसरे के मान-सम्मान का ध्यान अवश्य रखे।

## राष्ट्रपति ने किया पद्म पुरस्कारों से सम्मानित

## वेंकैया नायडू समेत 3 को पद्म विभूषण

## मिथुन चक्रवर्ती, उषा उथुप को पद्म भूषण से किया सम्मानित...

### पद्म भूषण मिलने पर अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती ने कहा मैं बहुत खुश हूं

एजेंसी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति भवन में सोमवार शाम पद्म सम्मान दिए गए। सेरेमनी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह मौजूद रहे। 25 जनवरी को ये सम्मान घोषित किए गए थे। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सबसे पहले पूर्व उपराष्ट्रपति वेंकैया नायडू, बिंदेश्वर पाठक (मरणोपरांत) और पद्मा सुब्रमण्यम को पद्म विभूषण से सम्मानित किया। बिंदेश्वर पाठक की पत्नी अमोला पाठक ने पुरस्कार ग्रहण किया। इसके बाद अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती, सिंगर उषा उथुप और सीताराम जिंदल समेत कुछ लोगों को पद्म भूषण दिया। इसके अलावा मनोहर कृष्ण डोले और रामचेत चौधरी समेत कुछ हस्तियों को पद्मश्री दिया गया। इस बार 2024 के लिए 5 लोगों को पद्म विभूषण, 17 को पद्म भूषण, 110 को पद्मश्री से सम्मानित करने का ऐलान



किया गया है। सोमवार के समारोह में इनमें से कुछ हस्तियों को सम्मान नहीं मिल सका, इन्हें अगले हफ्ते सम्मानित किया जाएगा। पद्मश्री पुरस्कार ऐसे लोगों को दिया जा रहा है, जो अब तक गुमनाम थे। इनमें असम की रहने वाली देश की पहली महिला महावत पार्वती बरुआ और जागेश्वर यादव का नाम शामिल है। इसके अलावा लिस्ट में चार्मी मुर्मू, सोमन्ना, सर्वेश्वर, सांगथाम समेत कई कई बड़ी हस्तियो को पद्म पुरस्कारो के लिये चयनित किया था। पद्म पुरस्कार विजेताओं में 30 महिलाएं हैं।

पद्म भूषण मिलने पर अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती ने कहा मैं बहुत खुश हूं। मैंने जीवन में कभी किसी से अपने लिए कुछ नहीं मांगा। जब मुझे फोन आया कि आपको पद्म भूषण दिया जा रहा है, तो मैं एक मिनट के लिए चुप हो गया क्योंकि मुझे इसकी उम्मीद नहीं थी।'





अलीगढ़ जनसभा में पीएम मोदी ने कांग्रेस पर लगाए आरोप

## देश को लूटना ही कांग्रेस अपना जन्मसिद्ध अधिकार समझती





एजेंसी

अलीगढ़। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को अलीगढ़ में जनसभा की। उन्होंने कहा, पिछली बार जब अलीगढ़ आया था, तब अनुरोध किया था कि सपा और कांग्रेस के परिवारवाद, भ्रष्टाचार और तुष्टीकरण की फैक्ट्री में अलीगढ़ का ताला लगा दीजिए। आपने ऐसा मजबूत ताला लगाया कि दोनों शहजादों को आज तक इसकी चाबी नहीं मिल रही।

पीएम ने कहा, इंडी गठबंधन की नजर आपकी संपत्ति पर है। नौकरी-पेशा वाले लोगों ने अपने बच्चों के भविष्य के लिए जो एफडी करवाई है, वे लोग उसकी भी जांच कराने की बात कर रहे हैं। कांग्रेस इसका सर्वे कराएगी। फिर सरकार के नाम पर कब्जा करेगी। यह आपकी संपत्ति को छीनकर बांटने की बात कर रही है। कांग्रेस यहां तक जाएगी कि आपके गांव में पैतृक घर है, तो यह लोग उसे दो घर बताकर छीन लेंगे।

कांग्रेस के लोग कहेंगे कि आपके पास गांव में तो एक घर पहले से ही है। इनकी यह सोच माओवादियों और कम्युनिस्टों की है। कांग्रेस और इंडी गठबंधन इसे भारत में लागू करना चाहती है। आपकी संपत्ति पर कांग्रेस अपना पंजा मारना चाहती है। आपका स्त्री धन लूटना चाहती है।

माताओं-बहनों का मंगलसूत्र अब सलामत नहीं रहेगा। यही कांग्रेस ने कहा है। इन परिवारवादी लोगों ने देश को लूटकर अपना इतना साम्राज्य बना लिया है कि देश को कुछ नहीं दिया है। अब इनकी नजर देश के लोगों की संपत्ति पर है। जनता के धन को लूटना, देश को लूटना ही कांग्रेस अपना जन्मसिद्ध अधिकार समझती है। अलीगढ़ लोकसभा सीट से भाजपा के प्रत्याशी सतीश गौतम और हाथरस से अनूप वाल्मीकि के समर्थन में पीएम मोदी ने 42 मिनट तक सभा को संबोधित किया।

मुख्यमंत्री ने ईआरसीपी को लेकर गहलोत पर कसा तंज

## देश के विकास और अर्थव्यवस्था में गुर्जर समाज का बहुत बड़ा योगदान : भजनलाल शर्मा

खबरों की दुनिया

**अजमेर।** मुख्यमंत्री भजनलाल ने कहा कि देश के विकास और अर्थव्यवस्था में बहुत बड़ा योगदान गुर्जर समाज का हैं। खेती करते हुए वह अन्य की पूर्ति करता है और पशुपालन करते हुए सुबह की चाय पिलाते हैं सीएम ने अजमेर में भारतीय जनता पार्टी की ओर से आयोजित सामाजिक संवाद कार्यक्रम में गुर्जर समाज को साधने का काम किया। सीएम ने कहा कि हमारी सरकार को बने हुए साढ़े 4 महीने हो गए हैं। जनता के बीच जो वादे किए उन्हें पूरा करने का प्रयास किया। इन 90 दिनों में 45 प्रतिशत वादों को पूरा किया हैं। सरकार बनते ही डेढ़ महीने में 8 करोड़ रुपए विधायकों को विकास के लिए दिए थे।

### ईआरसीपी के मुद्दे पर गहलोत पर साधा निशाना

उन्होंने कहा कि जब-जब बीजेपी की केंद्र और राज्य में सरकार आई, तब-तब समाज को सम्मान देने का काम किया है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सबका साथ सबका विकास और सबके प्रयास के साथ काम किया है। मुख्यमंत्री ने ईआरसीपी के मुद्दे पर पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत पर भी निशाना साधा।



हमारे विरोधी लोग रोजाना कहते थे, सीएम तो दिल्ली जाते हैं, दिल्ली जाते हैं, अरे तो तुम्हारे पास क्या है, दिल्ली जाता है तो कुछ न कुछ लेकर आता है। ईआरसीपी को लेकर नेतागिरी और राजनीति कर रहे है। अशोक गहलोत रोजाना ईआरसीपी को लेकर बजट, विधानसभा में भी बोल रहे हैं। आपने क्या किया यह तो बता दो? मध्य प्रदेश में कांग्रेस की सरकार थी अपनी सरकार को पत्र लिखा लेकिन उन्होंने उल्टा पत्र लिख दिया। कांग्रेस के लोगों ने लिख दिया। हम सहमत नहीं है और हम करना नहीं चाहते हैं और वह कोर्ट में भी चले गए। कमलनाथ कोर्ट में चले गए। उन्होंने कहा कि अरे गहलोत साहब कोर्ट में चले गए, पत्र लिख दिया फिर भी लोगों को बहका रहे हैं। तुम्हारे भाई से तो पूछ लेते कि वह कहां जा रहा है कोर्ट में। लेकिन हमारी सरकार बनते ही एक महीने के अंदर ईआरसीपी को लेकर सहमति हो गई और इसी को कम कहते हैं। इसके बाद सीएम अजमेर से बूंदी के लिए रवाना हो गए।

## बंगाल में हुई 24 हजार शिक्षकों की नियुक्ति रद्द

### हाईकोर्ट का आदेश- 8 साल की सैलरी लौटाएं

एजेंसी

**कोलकाता।** कलकत्ता हाईकोर्ट ने सोमवार को 2016 में हुई शिक्षक भर्ती रद्द कर दी। इसके अलावा अवैध नियुक्ति पर काम कर रहे शिक्षकों से 7-8 साल के दौरान मिली सैलरी भी वापस लेने के निर्देश दिए। जस्टिस देवांग्शु बसाक और जस्टिस शब्बर रसीदी की बेंच ने कहा- कैंसर पीड़ित सोमा दास की नौकरी सुरक्षित रहेगी। पश्चिम बंगाल स्कूल सेवा आयोग नई नियुक्ति प्रक्रिया शुरू करे। हाईकोर्ट के आदेश को मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने गैरकानूनी बताया है। उन्होंने कहा- हम उन लोगों के साथ खड़े रहेंगे जिनकी नौकरियां चली गईं। भाजपा नेता न्यायपालिका के फैसलों को प्रभावित कर रहे हैं।

### मेरिट लिस्ट से बाहर वालों को नौकरी देने का आरोप

ममता बनर्जी की सरकार ने 2014 में शिक्षकों की भर्ती निकाली थी। इसकी प्रक्रिया 2016 में पूरी हुई थी। तब पार्थ चटर्जी राज्य के शिक्षा मंत्री थे। याचिकाकर्ताओं का आरोप था कि जिन उम्मीदवारों के नंबर कम थे उन्हें मेरिट लिस्ट में ऊपर स्थान मिला। कुछ उम्मीदवारों का मेरिट लिस्ट में नाम न होने पर भी नौकरी दी गई। याचिकाकर्ताओं ने दावा किया कि कुछ ऐसे भी उम्मीदवारों को नौकरी दी गई, जिन्होंने टीईटी परीक्षा भी पास नहीं की थी, जबकि राज्य में शिक्षक भर्ती के लिए टीईटी की परीक्षा पास करना अनिवार्य है।

असली टुकड़े-टुकड़े गैंग पीएम मोदी : पवन खेड़ा

## संघ और कट्टर भाजपा वाले वोट देने नहीं निकले, बीजेपी में डर का माहौल

खबरों की दुनिया

**कोटा।** कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता पवन खेड़ा ने सोमवार को कोटा में प्रेसवार्ता की। प्रेसवार्ता मे खेड़ा ने प्रधानमंत्री और भाजपा पर तंज कसते हुये कहा कि भाजपा ने शिवसेना के साथ सरकार बनाई। फिर उसको धोखा दिया और तोड़ दिया। असली टुकड़े-टुकड़े गैंग प्रधानमंत्री खुद हैं, जिन्होंने एनसीपी को तोड़ा, शिवसेना को तोड़ा। आज से हम उनका नाम टुकड़े-टुकड़े रख देंगे। उन्होंने कहा- पहले चरण के मतदान के बाद से उनकी भाव-भंगिमा बदल गई है। भाजपा में भय का माहौल है।

### कांग्रेस का मेनिफेस्टो पढ़ें मोदी

खेड़ा ने कहा- हम चाहते है कि प्रधानमंत्री मोदी को कांग्रेस का मेनिफेस्टो पढ़ना चाहिए था। हमारे घोषणा पत्र में हिंदू-मुसलमान का जिक्र नहीं है।
हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष खड़गे उन्हें मेनिफेस्टो भेज रहे हैं।
मेनिफेस्टो में कहीं हिंदू-मुसलमान का जिक्र हो तो बताइए। कहीं संपत्ति को लेकर, छीनकर बाटेंगे यह लिखा हो तो बताइए।
हमारे घोषणा पत्र में 30 लाख खाली पद भरने, गरीब परिवार की महिलाओं को हर साल 1 लाख, किसानों को एमएसपी कानून बनाकर फसल की कीमत देने की गारंटी की बात लिखी है।
इस देश में कोविड के दौरान मंगलसूत्र बिके थे। जब लोगों के पास खाने का दाना नहीं था। आपके रहते हुए इस देश में मंगलसूत्र बिके हैं।





### 'राम' बीजेपी के लिए राजनीति का विषय

पीएम उम्मीदवार के सवाल पर खेड़ा ने कहा कि हमारे पास कई चेहरे हैं। गठबंधन दलों के साथ बैठकर तय कर लेंगे। हमारे यहां लोकतांत्रिक तरीके से तय करते हैं। पर्ची से सीएम बनाने वाले क्या तय करेंगे? उन्होंने तो फेस दिखा-दिखाकर देश को लूटा, हम मुद्दों पर चुनाव लड़ते हैं।

खेड़ा ने कहा कि देश का राजा झूठ बोलता है तो आने वाली पीढ़ियां बर्बाद कर देता है।

### 10 साल में कितनी नौकरियां दी

भाजपा को 10 साल का अपना रिपोर्ट कार्ड सामने रखना चाहिए। आने वाले 5 साल में क्या करना चाहते हैं, जनता को यह बताना चाहिए। लोकतंत्र ऐसे ही चलता है। बीजेपी ने 10 साल में कितनी नौकरियां दी, महंगाई कितनी कम की, पेट्रोल 100 पार क्यों हो गया, इनका जवाब देना चाहिए।

### बीजेपी वाले खुद अपनी पोल खोलते हैं

खेड़ा ने कहा कि मोदी, अमित शाह और पूरी भाजपा अलग-अलग तरह की बात करती है।
इधर, ज्योति मिर्धा से कहते हैं, बोलो संविधान बदल देंगे, उधर खुद कहते हैं कोई नहीं बदलेगा। चोर को कहते हैं भाग जा, महाजन को कहते हैं जाग जा। यह भाजपा की नीति है।

### भाजपा ने कई पार्टियों को तोड़ा

लोकसभा चुनाव में कम उम्मीदवार उतारने के सवाल पर खेड़ा ने कहा- कांग्रेस सबसे पुरानी और बड़ी पार्टी है। कांग्रेस का दिल भी बड़ा है। लोकतंत्र को बचाने के लिए समझौते करने पड़ते हैं तो हम करने को तैयार हैं। हम भाजपा की तरह नहीं हैं, जिन्होंने शिवसेना के साथ सरकार बनाई। फिर उसको धोखा दिया और तोड़ दिया। असली टुकड़े-टुकड़े गैंग प्रधानमंत्री खुद हैं, जिन्होंने एनसीपी को तोड़ा, शिवसेना को तोड़ा। आज से हम उनका नाम टुकड़े-टुकड़े रख देंगे।

### संघ और कट्टर भाजपा वाले वोट देने नहीं निकले

खेड़ा ने कहा कि जितना प्रधानमंत्री बोलेंगे उतना ही ज्यादा हमको फायदा। पहले फेज में हम सोच रहे थे-2-3 सीट मिलेगी, अब 5-6 सीट आसानी से जीत रहे हैं।

दोनों चरणों मे मिलाकर हम डबल डिजिट में सीट जीतेंगे। हर पार्टी का वोट बेस होता है। पहले चरण के मतदान में कट्टर भाजपा व संघ से जुड़ा वोटर घर से नहीं निकला।

### कांग्रेस ने जमीन दी, फिर भी एयरपोर्ट नहीं बना

भाजपा प्रत्याशी ओम बिरला का नाम लिए बिना कहा कि उन्होंने 2019 से पहले कोटा में एयरपोर्ट निर्माण की घोषणा की थी। एयरपोर्ट नहीं लाने पर चुनाव नहीं लड़ने की बात कही थी। अगस्त 2022 में कांग्रेस सरकार ने जमीन भी दे दी, लेकिन यहां के सांसद एयरपोर्ट का काम नहीं करवा पाए। कोटा के सांसद कोई 2 बड़े काम बता दें जो उन्होंने करवाए हों।

## मां अंजनी के तुम दुलारे, रामजी को लगते प्यारे

# सीकर में धुमधाम से मनाया जाएगा हनुमान जन्मोत्सव

खबरों की दुनिया

**सीकर।** रामनवमी के 6 दिन के बाद हनुमान जन्मोत्सव मनाया जाता है। हनुमानजी की आराधन करने से सारे दुख दर्द दूर हो जाते है। पं. राजकुमार बियाला ने बताया कि हनुमान जी का पूजन का शुभ मुहूर्त सुबह 6.06 बजे से 7.40 बजे तक का है। इस दिन अभिजित मुहूर्त दोपहर 12.02 से दोपहर 12.53 बजे तक का है। हनुमानजी को केले, बेसन या बूंदी के लड्डुओ का भोग लगाना शुभ रहता है। हनुमान जन्मोत्सव के दिन पूजा के समय लाल वस्त्र पहनना शुभ रहता है। भगवान को लाल गुलाब के फूल व माला चढ़ाए। बियाला ने बताया मंगलवार को सुबह जल्दी उठकर स्नान करे, लाल वस्त्र धारण करे। हनुमानजी को लाल रंग के पुष्प अर्पित करे। सिंदुर मे चमेली का तेल मिलाकर चोला चढ़ाये। चना,गुड़, नारियल भी चढाए। भगवान को लड्डू का भोग लगाए। इसके बाद धी का दीपक जलाएं और बाद मे आरती करे और व्रत रखने का संकल्प ले। हनुमानजी के साथ प्रभू श्रीराम और माता सीता की भी उपासन करे। इस तरह पूजा पाठ करने से सारे कष्टो का निवारण होगा।

हनुमान जन्मोत्सव सीकर के मंदिरो में धुमधाम से मनाया जायेगा। इसके लिए सभी मंदिरो को आकर्षक तरीके से सजाया गया। मंदिरो में दोपहर 12 बजे बाद महाआरती के प्रसाद वितरण होगा।



शहर मे दो दिवसीय इस कार्यक्रम मे सोमवार व मंगलवार को सभी मंदिरो में भजन व सुदंर कांड के कार्यक्रम हो रहे है। इसके अलावा देर रात को भजन जागरण के कार्यक्रम हो रहे है।

### देवीपुरा बालाजी धाम

सीकर के सिद्वपीठ श्रीदेवीपुरा बालाजी धाम में जन्मोत्सव के उपलक्ष में निशान पदयात्रा निकाली। मंदिर के महंत ओम प्रकाश शर्मा ने बताया दोपहर में प्रसाद वितरण किया गया। शाम को बाबा का अभिषेक और हवन किया गया। देर रात भजनो का कार्यक्रम हुआ। जिसमें मनोज शर्मा एण्ड कंपनी जयपुर की ओर सये भजनो की शानदार प्रस्तुति दी। आज जन्मोत्सव पर सुबह रामायण सत्संग मंडल की ओर से सुदंरकाण्ड पाठ किए जाएंगे। दोपहर 12 बजे हनुमान जन्मोत्सव मनाया जाएगा। शाम चार बजे महिला संगीत होगा।

### कल्याण धाम

श्रीकल्याण धाम मे हर वर्ष की भांति इस बार 23 अप्रैल को सुबह 8 बजे श्री हनुमान जन्मोत्सव महंत विष्णु प्रसाद शर्मा के सानिध्य मे मनाया जाएगा। जिसमे श्रीबालाजी महाराज का दिव्य श्रृंगार कर ज्योत ली जाएगी और बालाजी की महाआरती होगी। साथ भजनो का कार्यक्रम होगा। मंदिर व्यवस्थापक रवि प्रसाद शर्मा ने बजाया कि बालाजी कौ विशेष 101 किलो रोटे का भोग लगाया जाएगा।

### लंकापुरी बालाजी धाम

सोमवार को श्रीलंकापुरी बालाजी की निशान यात्रा निकाली गई। समिति मीडिया प्रभारी ज्योंति तनवानी ने बताया कि यात्रा संत चंद्रमादास महाराज व पीठाधीश्वर नंदकिशोर पारीक के सानिध्य में निकाली गई। यात्रा पहुंचने पर संतोष खण्डेलवाल की ओर से भजनो का कार्यक्रम हुआ। उन्होने बताया 23 अप्रैल को हनुमान जन्मोत्सव दोपहर सवा बारह बजे मनाया जायेगा। जिसमे महाआरती के बाद प्रसाद वितरण किया जाएगा। शाम को भजनो का कार्यक्रम होगा।

### नानीगेट बालाजी मंदिर

शहर के नानी गेट स्थित बालाजी मंदिर में मंगलवार को बालाजी का जन्मोत्सव मनाया जायेगा। महंत नवीन पुजारी ने बताया कि दोपहर 12.15 बजे महाआरती के बाद प्रसाद वितरण होगा। उसके बाद महिला मंडल की ओर से भजनो का कार्यक्रम होगा। शाम को जागरण होगा।

### फतेह बालाजी धाम

यहा दो दिवसीय जन्मोत्सव मे विशेष धार्मिक कार्यक्रम होगे। पं. दिनेश मिश्र ने बताया सोमवार को सांयकाल मंदिर मे आकर्षक फल और फु लो की सजावट की गई। मंगलवार को हनुमान जन्मोत्सव पर भागवताचार्य पं. रामावतार मिश्र के सानिध्य महाआरती के प्रसाद वितरण किया जायेगा।

### सिद्वपीठ बालाजी धाम

सांवली रोड़ बड़ा तालाब स्थित सिद्वपीठ बालाजी धाम दो दिवसीय हनुमान जन्मोत्सव धुमधाम से मनाया जाएगा। व्यस्थापक जगदीश शर्मा ने बताया कि आज हवन पूजन के बाद महाआरती होगी। 24 अप्रैल को विराट भजन संध्या होगी। इसी दिन दोपहर को तीन बजे मंदिर में व्यासपीठ से अजय तुलसीयान दिल्ली भक्तों के साथ संगीतमय सुन्दरकांड करेगे।

### बुगाला के बालाजी मंदिर

बुगाला के बालाजी मंदिर मे रूद्राभिषेक व अखण्ड रामयाण पाठ, हवन का आयोजन होगा। पंडित राजेन्द्र लाटा ने बताया कि आज हनुमान जन्मोत्सव दोपहर को मनाया जायेगा। कार्यक्रम के मुख्य यजमान पूर्व विधायक रतनलाल जलधारी होगे। साथ ही सभी हनुमान मंदिर में अनेक धार्मिक कार्यक्रम आयोजित होंगे



खबरों की दुनिया

**एक नजर**

## कंचन चौधरी की आईएएस में 408 वीं रेंक

खबरों की दुनिया



**सीकर।** दीपपुरा राजाजी निवासी स्व. रामगोपाल खाखल (RTS) की बेटी ने एक बार पुनः क्षेत्र का नाम रोशन करते हुए यूपीएससी की प्रतिष्ठित आईएएस परीक्षा में 408 वीं रेंक प्राप्त की है। इससे पूर्व भी कंचन ने आरएएस परीक्षा में राजस्थान में सातवाँ स्थान प्राप्त किया था। पूरे शैक्षिक कैरियर में अव्वल रहने वाली इस होनहार लड़की ने छोटी सी उम्र में अपने पिता को खो दिया था परंतु विपरीत परिस्थितियों को खुद पर हावी नहीं होने दिया। अपने दादाजी श्री भगवाना राम खाखल को प्रेरणास्रोत मानने वाली कंचन ने अपने सभी ग्रामवासियों, परिजनों एवं रिश्तेदारों का आभार जताया है।

## कच्ची बस्ती एवं गौशाला में सेवा कर मनाई तनवानी ने वैवाहिक वर्षगांठ

खबरों की दुनिया

**सीकर।** विश्व हिंदू परिषद सीकर जिला उपाध्यक्ष गो सेविका ज्योति तनवानी एवं सुनील तनवानी ने सोमवार को अपनी 23वी वैवाहिक वर्षगांठ गौ माता की सेवा करके और कच्ची बस्ती मे बच्चों के साथ कैक काटकर एवं उनको अल्पाहार करवाके सेवा कार्य किया इससे उपलक्ष में पारिक सोशल ग्रुप, गोपीनाथ गौ सेवा समिति, गोपीनाथ टोली, श्री श्याम सेवा परिवार ताली कीर्तन टीम, विश्व हिंदू परिषद,राधे राधे परिवार, मातृशक्ति महिला मण्डली टीम, व्यापार संघ, भाजपा टीम, कांग्रेस टीम, सिंधी समाज, परिवार बंधु एवं सभी धार्मिक एवं सामाजिक पदाधिकारीयो ने बधाई दी गयी तनवानी जी ने सभी को धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया



## कलेक्टर को दिया ज्ञापन



खबरों की दुनिया

**सीकर।** वार्ड न.47 के वाशिंदे पिछले काफ़ी अर्से से पानी की समस्या से जूझ रहे हैं। इस संदर्भ में पार्षद सरोज कंवर कई बार जलदाय विभाग को अवगत करवा चुकी है, मगर जलदाय विभाग के कर्मचारियों के कानों पर जूं तक नहीं रेंगी। अंततः पार्षद सरोज कंवर ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन देने का निर्णय किया और इसी कड़ी में आज सुबह 11बजे वार्डवासियों को साथ लेकर जिला कलेक्टर को ज्ञापन देकर पानी की समस्या से अवगत कराया और जल्दी से जल्दी वार्ड न.47 की पानी की समस्या का निवारण करवाने के लिए कहा । जिला कलेक्टर ने इस समस्या का शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया।

# कार ने ई रिक्शा के मारी टक्कर, तीन माह की बच्ची की हुई मौत

### घायलों को उपजिला अस्पताल में करवाया भर्ती

खबरों की दुनिया

**खाटूश्यामजी।** थाना अंतर्गत पार्किंग में गाड़ी खड़ी करने के बाद ई रिक्शा से बाबा श्याम कदर्शन के लिए जा रहे हैं श्रद्धालुओं के ई रिक्शा को कार ने टक्कर मार दी। जिससे ई-रिक्शा पलट गया दिल्ली निवासी श्रद्धालु घायल हो गए और तीन माह की बच्ची ई रिक्शा के नीचे आने से मौत हो गई। सूचना पर पहुंची 108 एंबुलेंस ने घायलों को उपजिला अस्पताल में भर्ती करवाया जहां प्राथमिक जांच के बाद 3 माह की दिषिका को मृत्यु घोषित किया।शव को मोर्चरी में रखवाया गया।पुलिस ने वाहनों को तलाश शुरू की वहीं थाने के हैड कांस्टेबल मोहनलाल ने पंचनामे की कार्रवाई कर पोस्टमार्टम करवा कर बालिका का शव परिजनों को सौंप दिया। मिली जानकारी के अनुसार दिल्ली निवासी इंदिरा पार्क पालम कॉलोनी सागरपुर नई दिल्ली दिपुल गुप्ता अपने परिवार के साथ बाबा श्याम के लिए दर्शनों के लिए आए थे और नगरपालिका पार्किंग में गाड़ी खड़ी कर ई रिक्शा से दर्शनों के लिए जा रहे थे उसी समय सामने से आ रही स्विफ्ट डिजायर कार ने ई-रिक्शा के टक्कर मार दी।





हनुमान जन्मोत्सव की पूर्व संध्या पर सोमवार को सिद्ध पीठ श्री फतेह बालाजी धाम में सजी फलों और फूलों की आकर्षक झांकी। मंगलवार को 12:15 बजे ज्योत हनुमान जन्मोत्सव और सांयकाल 6:00 बजे से सुंदरकांड के पाठ होंगे प्रसाद वितरण होगा आप सभी सपरिवार सादर आमंत्रित हैं बालाजी के दर्शन करें भगवान का आशीर्वाद प्राप्त करें।

## इंजीनियर राकेश गौड़ की सातवीं पुण्यतिथि श्रद्धापूर्वक मनाई

खबरों की दुनिया



**लक्ष्मणगढ़** । सिंगोदडा निवासी इंजीनियर स्व. राकेश कुमार गौड़ सैनी की सातवीं पुण्यतिथि राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सिंगोदडा में श्रद्धापूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर विद्यालय के सभी छात्र छात्राओं को अध्ययन सामग्री (नोटबुक व पेंसिल बॉक्स) व फल वितरित किए गए। प्रारंभ में इंजीनियर स्व.सैनी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर सरपंच महेश ढेवा, संस्था प्रधान धर्मेंद्र कुमार, परमेश्वर लाल सैनी, रामनिवास सैनी, अर्जुन लाल सैनी,श्रीमती मणी देवी, अशोक सैनी,नरेश सैनी,विकास सैनी, पूजा सैनी, प्रीति सैनी सहित ग्रामीण व विद्यालय के स्टाफ ने श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

## अतिक्रमण हटाने एवं अतिक्रमणकारियों पर सख्त कार्यवाही करने की मांग

### संस्कृत शिक्षक संघ ने मुख्यमंत्री एवं शिक्षामंत्री को लिखा पत्र

खबरों की दुनिया

**सीकर।** संस्कृत विद्यालयों की भूमियों पर हुए अतिक्रमणों को हटाने एवं अतिक्रमणकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग को लेकर राजस्थान संस्कृत शिक्षा विभागीय शिक्षक संघ ने सोमवार को राज्य के मुख्यमंत्री एवं संस्कृत शिक्षामंत्री को पत्र लिखा है। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष अशोक तिवाड़ी मऊ ने बताया कि संगठन को मिली जानकारी के अनुसार डाबर का बालाजी, मूंडरू, बंजारा बस्ती, भानपुर कलां, देवपुरा कलां, रावतसर एवं बोयतावाला संस्कृत विद्यालयों की भूमि पर लोगों ने अतिक्रमण कर रखे हैं।

ऐसी स्थिति में प्रदेश के अन्य संस्कृत विद्यालयों में भी अतिक्रमण होने की संभावना से इन्कार नहीं किया जा सकता है। संगठन ने मुख्यमंत्री एवं संस्कृत शिक्षामंत्री को पत्र लिखकर विद्यालयों की भूमियों को अतिक्रमण मुक्त करवाकर अतिक्रमणकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करवाने एवं प्रदेश के अन्य विद्यालयों से भी उचित माध्यम से अतिक्रमण संबंधी तथ्यात्मक जानकारी प्राप्त कर अतिक्रमण की स्थिति में उन्हें भी अतिक्रमण मुक्त करवाने का निवेदन किया गया है। संगठन के प्रदेश महामंत्री दयालसिंह काजला ने बताया कि पत्र की प्रतियां शासन सचिव एवं आयुक्त संस्कृत शिक्षा को भी सुचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित की गई हैं।




## पेड़ पौधे लगाकर मनाया पृथ्वी दिवस

**लक्ष्मणगढ़ (खबरों की दुनिया)।** पृथ्वी दिवस हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 22 अप्रैल को पेड़ पौधे लगाकर पृथ्वी दिवस मनाया। वृक्षारोपण कार्यक्रम लूणकरण सैनी हनुमानगढ़ सांखू के नेतृत्व में किया गया इस अवसर वृक्ष मित्र श्रवण कुमार जाखड़ योगेश कुमार जाखड़ पूरणमल माहिच सहित अनेक व्यक्ति यों ने भाग लिया सभी ने लगाए गए पौधों की सुरक्षा का संकल्प लिया ।

## विद्याश्रम स्कूल में पृथ्वी दिवस पे हुए कार्यक्रम, नृत्य नाटिका के माध्यम से बताया जल का महत्व

**सीकर (खबरों की दुनिया)।** सीकर के पोलोग्राउंड स्थित विद्याश्रम पब्लिक स्कूल में विश्व पृथ्वी दिवस पे कार्यकर्म आयोजित किया गया । संस्था की डायरेक्टर मंजू लाटा ने बताया की किड्स किंगडम के बच्चो ने नृत्य नाटिका के माध्यम पृथ्वी पे जल और पेड़ पोधो के महत्व को बताया । वही बच्चो ने स्लोगन के माध्यम से पृथ्वी पे जल संसाधन और सेव अर्थ का संदेश दिया। डायरेक्टर मंजू लाटा के अनुसार पृथ्वी हर व्यक्ति की जरूरत को पूरा करने के लिए पर्याप्त प्रदान करती है, लेकिन हर व्यक्ति के लालच को नहीं धरती पर जीवन के लालन पालन के लिए पर्यावरण प्रकृति का उपहार है। वह प्रत्येक तत्व जिसका उपयोग हम जीवित रहने के लिए करते हैं वह सभी पर्यावरण के अन्तर्गत आते हैं जैसे- हवा, पानी प्रकाश, भूमि, पेड़, जंगल और अन्य प्राकृतिक तत्व। हमारा



पर्यावरण धरती पर स्वस्थ जीवन को अस्तित्व में रखने के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

हम चाहे कहीं भी रहे, पर्यावरण की देखभाल करना हमारे लिए अत्यधिक महत्वपूर्ण है। छोटे स्तर पर काम शुरू करें। हमें पर्यावरण की गुणवत्ता में सुधार लाना है तो केवल एक ही तरीका है, सबको शामिल करना ।'

हमारा कोई समाज नहीं होगा अगर हम पर्यावरण को नष्ट करते हैं ।' हमारी सुरक्षा, हमारी अर्थव्यवस्था और हमारे ग्रह के लिए बदलाव लाने का हममें साहस और प्रतिबद्धता होनी चाहिए। पक्षी पर्यावरण के संकेतक हैं। यदि वे खतरे में हैं तो हम जानते हैं कि हम भी जल्द ही खतरे में होंगे। भारतीय समाज में आस्था और विश्वास का विशेष स्थान है और इसमें प्राकृतिक संसाधनों जैसे पौधों, जन्तुओं, नदियों आदि को भी पूजनीय माना जाता है। हमारी सांस्कृतिक परम्परा में पर्यावरण-संरक्षण की भावना पहले से निहित है। प्राचीन काल में भारत में प्रकृति को किसी भी प्रकार की क्षति नहीं पहुँचाई जाती थी, इसलिये यहाँ पर्यावरण संरक्षण के लिये किसी कानून की आवश्यकता नहीं थी। लेकिन अब पिछली सदी में पर्यावरण के संरक्षण के लिये बड़ी संख्या में कानून बनाए गए।

पर्यावरण-स्वच्छता की संकल्पना सीधे तौर पर मानवाधिकार से जुड़ी हुई है। ऐसी स्थिति में पर्यावरण के लिये कानून का संरक्षण भी महत्त्वपूर्ण है। यह विश्व का पहला ऐसा संविधान है जिसमें पर्यावरण-संरक्षण के लिये विशेष प्रावधान है। लेकिन कानून हम कितने ही बना ले जब तक स्वय की जागरूकता नही होगी तब तक कुछ नही होगा। कार्यक्रम का संचालन कोऑर्डिनेटर चंदा शर्मा ने किया। इस में प्रिंसिपल मधुसुधन शर्मा और अन्य स्टॉफ सदस्य मौजूद रहे

खबरों की दुनिया

एक नजर

## 80 वर्षीय बुज़ुर्ग महिला की किडनी की कैंसर गांठ को निकलने मे मिली सफलता



खबरों की दुनिया

**जयपुर।** जयपुर शहर के चिकित्सको ने 80 वर्षीय बुजुर्ग महिला की किडनी में हुए कैंसर की गांठ को निकालने में सफलता प्राप्त की है। राजधानी के एसआरके मैक्स हॉस्पिटल के निदेशक एवं सीनियर यूरोलॉजिस्ट डॉक्टर राकेश शर्मा के निर्देशन में हुए इस बेहद गंभीर प्रकृति की दुर्लभ समस्या के इलाज को ठीक करने को लेकर डॉ. राकेश ने बताया कि प्रदेश में इतनी बुजुर्ग महिला की कैंसर की गांठ सफलतापूर्वक निकालने का संभवत यह पहला मामला है। उन्होंने बताया कि महिला के यह समस्या पेट में दर्द से शुरू हुई एवं विभिन्न जांच करने पर किडनी में गांठ डायग्नोज किया गया। इसके बाद इस गांठ के कैंसर को डायग्नोज करने के बाद महिला को ठीक करने के लिए किडनी भी निकालनी पड़ी। उन्होंने बताया कि यह एक बेहद दुर्लभ प्रकृति का एवं जटिल ऑपरेशन था, जिसे चिकित्सको की टीम ने सफलता पूर्वक किया। महिला का करीब 3 घंटे चले ऑपरेशन के बाद सफलतापूर्वक डिस्चार्ज किया गया एवम अब वह सामान्य दिनचर्या कर रही है। बुजुर्ग महिला के परिजनों ने अस्पताल एवं उनकी टीम के सभी सदस्यों एवं चिकित्सकों को धन्यवाद ज्ञापित किया।

## विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर डॉ. समित शर्मा ने पक्षियों के लिए परिंडे व चुग्गा पात्र स्वेच्छा से लगाने की अपील

खबरों की दुनिया

**जयपुर।** जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के शासन सचिव डॉ समित शर्मा ने बताया कि विश्व पृथ्वी दिवस प्रत्येक वर्ष 22 अप्रैल को मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य क्लाइमेट चेंज, ग्लोबल वार्मिंग, प्रदूषण और जैवविविधता संरक्षण के प्रति लोगों का ध्यान आकर्षित करना है। शासन सचिव ने बताया कि जलदाय विभाग का मूल उद्देश्य आम जन को जीवन की मूलभूत आवश्यकताओं में से एक पेयजल उपलब्ध करवाना है। राज्य की पेयजल नीति 2010 के अनुसार भी जल प्रबंधन में मानव व पशुधन पेयजल मांग को क्रमशः प्राथमिकता 1 व 2 दी गई है। धार्मिक आधार पर भी मानव व पशुधन के लिए पेयजल व्यवस्था करना अत्यंत पुण्य का कार्य माना गया है।



डॉ शर्मा ने बताया कि गर्मियों में पक्षियों को पीने का पानी व चुग्गे की कमी होने के कारण इनकी अकाल मृत्यु हो जाती है। इसी प्रकार पशुधन को भी पानी की व्यवस्था के अभाव में भटकना पड़ता है। विभागीय स्रोतों/ हैडवर्क्स के पास ओवरफ्लो/ लीकेज आदि से पानी बेकार होता है, इसे भी खेळी से जोड़कर इसका समुचित उपयोग सुनिश्चित किया जा सकता है।अतः पक्षियों एवं जीव जन्तुओं के जीवन को बचाने के उद्देश्य से विभाग के समस्त कार्यालयों, पम्प हाउस, हैड वर्क्स आदि पर कार्मिकों, भामाशाह, गैर-सरकारी संगठन, आमजन आदि के सहयोग व सहभागिता से सुगम स्थानों पर वृक्षों पर पक्षियों के लिए परिंडे व चुग्गा पात्र स्वेच्छा से लगवाया जाकर पुण्य के भागीदार बनें। पक्षियों के परिंडों में प्रतिदिन पानी एवं चुग्गा पात्र में चुग्गे की समुचित व्यवस्था स्वेच्छा से कार्मिकों द्वारा आपसी सहयोग से की जा सकती है, एवं परिंडों में प्रतिदिन पानी भरने की जिम्मेदारी स्थानीय सेवाभावी कार्मिकों को दी जा सकती है।

## 'पृथ्वी दिवस' मनाया



खबरों की दुनिया

**जयपुर।** निवारू रोड, झोटवाडा स्थित जे.वी.एम. सीनियर सैकण्डरी स्कूल के छात्रों के द्वारा 'पृथवी दिवस' मनाया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने पृथ्वी पर हो रहे पर्यावरणी प्रदूषण एव उसे बचाने पर आधारित एवं ECO-friend की आदत बनाने का संदेश देने वाले स्वरचित मांडल बनाये। बच्चों द्वारा बनाये माडल्स की मुख्य अतिथि राजेन्द्र शर्मा एव शाला सस्थापीका मंजू शर्मा ने बच्चों की सराहना की। संस्था निदेशक भरत शर्मा एवं प्रधानाचार्या श्रीमती भव्या शर्मा बच्चों को पारीतोषिक वितरण किया।

## वीजेसी ओपन माइक लीग के हुए ऑडिशन

### –गायन-वादन व मिमिक्री से दिखाई प्रतिभा

खबरों की दुनिया




**जयपुर।** विनीत जैन क्रिएशन्स के बैनर तले जेएलएन,होटल क्लार्क्स आमेर के पास सिटी हाइट्स में वीजेसी ओपन माइक लीग के ऑडिषन हुए। इस मौके पर शहर की प्रतिभाओं ने गायन व वादन से अपनी प्रतिभा के हुनर दिखाए।

विनीत जैन क्रिएशन्स के निदेषक विनीत जैन ने बताया कि इस मौके पर गरिमा वर्मा ने तबला बजाकर अपनी हुनर का दमखम दिखाया,वहीं राम सोनी ने बीटबॉक्सिंग से शो को अद्भुत बनाया, इधर अशोक कुमार, जो वर्तमान में यातायात पुलिस के रूप में देश की सेवा कर रहे हैं, ने हमें हँसी के पल प्रदान किए। योगेश लखवानी ने मिमिक्री में अत्यधिक प्रभावशाली प्रदर्शन किया। इन कलाकारों के अलावा आदिल खान, तनिष्क जैसे कलाकारों ने अपनी मजबूत गायन की प्रतिष्ठा बढ़ाई। इस सत्र के जजेज में रहे आरकेएस रोहित शर्मा और इमसी डेविड।

उन्होंने बताया कि ओपन माइक लीग के अगले ऑडिशन आगामी 4मई को दोपहर 1 बजे से साम 5 बजे तक पांच बत्ती स्थित 360 डिग्री में होंगे। इस दौरान 15 से 40 वर्ष की आयु वाले प्रतिभागियों को कविता, स्टैंड अप कॉमेडी, संगीत, गायन और कहानी सुनाने के लिए अपनी कलाओं का प्रदर्शन करने का मौका मिलेगा। पंजीकरण इच्छुक प्रतिभागी मोबाइल नंबर 9828453502 पर कर सकते है।

ओपन माइक लीग के विजेता को केवल पहचान ही नहीं मिलेगी, बल्कि समाजसेविका हंसा कोठारी की ओर से प्रायोजित 21,000 रुपए का नकद पुरस्कार भी मिलेगा।

## नगर निगम ग्रेटर द्वारा पिक द प्लास्टिक महाभियान के तहत 2 घंटे में 700 से भी अधिक लोगों की 5 टीमों द्वारा 25 हजार किलो से भी अधिक उठाया गया प्लास्टिक वेस्ट

खबरों की दुनिया

**जयपुर।** नगर निगम ग्रेटर द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय पृथ्वी दिवस के उपलक्ष्य में पिक द प्लास्टिक महाभियान चलाकर सातों जोनों के वार्डो में सफाई गई। इस अभियान में 770 कर्मचारियों की 5 से अधिक टीमों विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थियों, एनजीओ के 1100 से अधिक लोगों ने मिलकर 25 हजार किलो से भी ज्यादा प्लास्टिक वेस्ट उठाया। आयुक्त रूकमणि रियाड़ ने बताया कि नगर निगम ग्रेटर के समस्त जोनों, वार्डो में महाभियान चलाकर सफाई की गई। जिसके अन्तर्गत मुरलीपुरा जोन के शेखावाटी हॉस्पिटल से एचपी पेट्रोल पम्प, विद्याधर नगर जोन के बाईपास पुलिया से कालरा पेट्रोल पम्प तक, झोटवाड़ा जोन में मानसरोवर मेट्रो स्टेशन से 200 फुट बाईपास अजमेर रोड़, मानसरोवर जोन में द्रव्यवती रीवर के आस-पास सफाई की गई। सांगानेर जोन में डिग्गी मालपुरा रोड़, जगतपुरा जोन में सांगा मार्ग अक्षयपात्र, मालवीय नगर जोन में कठपुतली नगर अमरूदों का बाग इत्यादि में प्रातः 8 से 10 बजे तक दो घंटे पिक द प्लास्टिक महाभियान चलाया गया। इस अभियान में नगर निगम ग्रेटर के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की टीम के साथ-साथ विभिन्न एनजीओ जैसे सिफार, फीनीलूप, नेहरू युवा केन्द्र तथा विभिन्न महाविद्यालयों जैसे एमजीडी स्कूल, सेन्ट सोल्जर स्कूल, भारती विद्याश्रम स्कूल, मयूरा स्कूल नायला हाउस, सेन्ट अन्सलेम स्कूल, टैगोर पब्लिक स्कूल सहित 10 से अधिक स्कूलों के विद्यार्थियों के साथ-साथ एनसीसी स्काउट छात्रों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। स्वच्छता के ब्रांड एम्बेसेडर आर.जे कार्तिक, अतिरिक्त आयुक्त श्रीमती सीमा कुमार, उपायुक्त (स्वास्थ) श्री नवीन भारद्वाज ने भी इस महाभियान में भाग लिया तथा पार्क, वाटर बॉडीज की साफ-सफाई की। उन्होंने आमजन से सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने तथा गंदगी कचरे को सार्वजनिक सड़कों पर नहीं फैलाने के लिये समझाईष की।



उपायुक्त स्वास्थ्य नवीन भारद्वाज एवं उनकी टीम द्वारा द्रव्यवती नदी से प्लास्टिक के कचरे को साफ किया गया। अभियान के दौरान मुरलीपुरा जोन में 235 किलो प्लास्टिक वेस्ट उठाया गया इसके साथ ही विद्याधर नगर जोन में 2410 किलो, झोटवाड़ा जोन में 22 हजार किलो, मानसरोवर जोन में 125 किलो, सांगानेर जोन में 25 किलो, जगतपुरा जोन में 60 किलो एवं मालवीय नगर जोन में 180 किलो प्लास्टिक वेस्ट उठाया गया।

## केन्द्र की मोदी सरकार के इशारे पर अधिकारियों को भ्रमित करने की साजिश रची जा रही है : जूली

### –सरकार पर अपनी विफलता को छुपाने का लगाया आरोप




खबरों की दुनिया

**जयपुर।** नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने प्रदेश के मुख्य सचिव के ताबड़तोड़ सरकारी विभागों का निरीक्षण कर प्रदेश की लचर शासन व्यवस्था को पटरी पर लाने के बहाने राजनीतिक हित साधने का आरोप लगाते हुए कहा कि लोकसभा चुनाव 2024 में आचार संहिता के दौरान केंद्र की मोदी सरकार के इशारे पर अधिकारियों को भ्रमित करने की साजिश रची जा रही है।

जूली बोले सरकारी एजेंसी का दुरुपयोग करने में माहिर केंद्र की मोदी सरकार पहले चरण के हुए मतदान के बाद घबराकर अब जनता के मुद्दों की बात करने के नाम पर सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग कर रही है।

उन्होंने कहा कि सरकार अपनी विसफलता को छुपाने के लिए मुख्य सचिव के माध्यम से सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग कर वोट बैंक बढ़ाने की चेष्टा कर रहे हैं। जूली ने आरोप लगाया कि पहले चरण में भाजपा के खिलाफ हुई वोटिंग से घबराई भारतीय जनता पार्टी अब मुख्य सचिव के पद का उपयोग कर दूसरे चरण में भाजपा खेमे को होने वाले नुकसान से बचाने के लिए डैमेज कंट्रोल की नीति अपना रही है जो स्वस्थ राजनीति का मजाक है। उन्होंने कहा कि मीटिंगों की आड़ में बाड़मेर और जोधपुर में दौरे किए जा रहे हैं ताकि चुनाव के दूसरे चरण के मतदान से पहले यहां से हार का ठीकडा नहीं फोड़ा जा सके।

जूली बोले स्वस्थ लोकतंत्र के लिए इस तरह की राजनीति ठीक नहीं है उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपनी राजनीतिक भूल पर पर्दा डालने के लिए राजस्थान की शासन व्यवस्था को नौकरशाही के हवाले कर सरकार को पर्यटन पर भेज रहे हैं।

उन्होंने कहा कि लोकसभा की 12 सीटों के लिए मतदान में भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशियों की संभावित हार को देखते हुए मोदी और भाजपा के नेताओं के गुब्बारे की हवा निकल गई है मोदी के भाषणों में से मोदी की गारंटी गायब हो गई अब उन्हें जनता ही भगवान नजर आने लगी है।

## स्कूलो को आरटीई की पुनर्भरण राशि का अति शीघ्र भुगतान किया जायेगा और भविष्य इस प्रकार की समस्या नहीं आने दी जाएगी : कृष्ण कुणाल

खबरों की दुनिया

**जयपुर।** स्वयंसेवी शिक्षण संस्थान संरक्षण समिति जयपुर का प्रतिनिधिमंडल ने अध्यक्ष भूपराम शर्मा के नेतृत्व में शासन सचिव (स्कूल शिक्षा) कृष्ण कुणाल से बकाया आर टी ई की पुनर्भरण राशि के अति शीघ्र भुगतान तथा प्री प्राइमरी कक्षाओं में प्रवेश तथा सरकार द्वारा पुनर्भरण राशि का भुगतान न करने की समस्या से अवगत कराया।

सचिव ने पुनर्भरण राशि के भुगतान में बिलंब को स्वीकार किया तथा बताया कि अति शीघ्र भुगतान करवाया जायेगा और भविष्य इस प्रकार की समस्या नहीं आने दी जाएगी।

सत्र 2023-2024 से निशुल्क प्रवेशित प्री-प्राइमरी कक्षाओं की पुनर्भरण राशि के भुगतान के बारे में कहा यदि किसी भी राज्य में प्री प्राइमरी कक्षाओं की पुनर्भरण राशि का भुगतान हो रहा है तो उसका प्रमाण शीघ्र उपलब्ध करवाओ जिससे मैं आपका पक्ष सरकार के समक्ष रखूंगा और आपको भुगतान करवाने का प्रयास करूंगा।



### प्रतिनिधि मण्डल ने वित्त सचिव अखिल अरोड़ा से भी की मुलाकात



प्रतिनिधि मण्डल ने वित्त सचिव अखिल अरोड़ा से भेंट कर अति शीघ्र निजी विद्यालयों की बकाया पुनर्भरण राशि का भुगतान करने की मांग रखी। आपने तुरंत कार्यवाही करते हुए ज्ञापन शासन सचिव वित्त(व्यय) विभाग नरेश ठकराल को अग्रेषित किया। तथा फोन द्वारा शीघ्र रिपोर्ट करने तथा संगठन के साथ बैठक करने का आदेश दिया। प्रतिनिधि मंडल में संगठन मंत्री रामेश्वर प्रजापति,कार्यकारिणी सदस्य लालचंद यादव, महेश नारायण शर्मा, एस एन शर्मा सम्मिलित हुए।

## ताला मेले को लेकर पुलिस प्रशासन ने ली बैठक

### –ताला पुलिस चौकी परिसर में दरगाह मेला कमेटी व सीएलजी सदस्यों बैठक ली



खबरों की दुनिया

**ताला।** ताला कस्बे में स्थित पहाड़ी पर विराजमान हज़रत बाबा शेख़ बुरहानुद्दीन चिश्ती रह. के सालाना मेले को लेकर जयपुर-प्रतापगढ़ रोड पर स्थित ताला चौकी परिसर में सोमवार को जयपुर ग्रामीण एसपी शांतनु सिंह के निर्देशन में जमवारामगढ़ वृत्ताधिकारी प्रदीप गोयल ने आगामी मेले में कानून व्यवस्था व प्रशासनिक व्यवस्था को लेकर दरगाह खादिमान व पुलिस अधिकारियों के साथ संयुक्त बैठक आयोजित की। बैठक में 25 से 29 अप्रैल को भरने वाले मेले में व्यवस्थाओं के बारे में चर्चा कर पुलिस अधिकारी व दरगाह कमेटी को निर्देशित किया जिसमे फायर ब्रिगेड व एम्बुलेंस की व्यवस्था पुलिस चौकी पर उपलब्ध रहेगी। दरगाह खादिमान ने बताया कि 25 अप्रैल को सायं को दरगाह के बुलन्द दरवाज़े पर झंडे की रस्म के साथ मेले का आग़ाज़ होगा। बैठक में ताला पुलिस चौकी प्रभारी एएसआई सुभाष सामोता, सरपंच अमीर खान शेख,पूर्व सरपंच फकरुद्दीन शेख, हाजी शकुर, सहजाद खान, अब्दुल इस्लाम शेख,शौकत टिकाई, हनीफ, दरगाह मौलाना अलाऊद्दीन, अर्जुन प्रजापत, शंकर स्वामी, प्रकाश सैनी, सुवा मेवाती,अख्तर टिकाई, निजाम शेख,निसार अहमद,दरगाह खादिमान व पुलिस कर्मी एवं ग्रामीण मोजूद रहे। हेड कांस्टेबल सतेंद्र कुमार, गोकुल मीणा, अमित कुमार सहित दरगाह खादिमान व ग्रामीण मौजूद रहे।

*नगर निगम ग्रेटर सतर्कता शाखा की बड़ी कार्यवाही*

## 8 हजार रूपये का किया कैरिंग चार्ज, 6 केन्टर सामान जब्त

खबरों की दुनिया

**जयपुर।** नगर निगम ग्रेटर आयुक्त रूकमणि रियाड़ के निर्देशानुसार उपायुक्त सतर्कता अजय कुमार शर्मा के नेतृत्व में सोमवार को सतर्कता शाखा की अस्थाई टीम द्वारा नगर निगम जयपुर ग्रेटर के क्षेत्राधिकार में राजस्थान विष्वविद्यालय, आरटीओ मोड जेएलएन मार्ग, नन्दपुरी अण्डरपास से बालाजी मोड़ तक, जगतपुरा पुलिया के नीचे रेलवे फाटक के पास, प्रधानमार्ग, मालवीय नगर, पेंषन विभाग ज्योति नगर के सामने, भगवानदास रोड़ से आदि स्थानों से अस्थाई अतिक्रमण करने वालों के विरूद्ध 8 हजार रूपये का कैरिंग चार्ज कर 6 केन्टर सामान जब्त किया। उपायुक्त सतर्कता अजय कुमार शर्मा ने बताया कि नगर निगम ग्रेटर के क्षेत्राधिकार में राजस्थान विश्वविद्यालय, आरटीओ मोड जेएलएन मार्ग, नन्दपुरी अण्डरपास से बालाजी मोड़ तक, जगतपुरा पुलिया के नीचे रेलवे फाटक के पास, प्रधानमार्ग, मालवीय नगर, पेंषन विभाग ज्योति नगर के सामने, भगवानदास रोड़ से आदि स्थानों से अस्थाई अतिक्रमण को हटाने की कार्यवाही की गई।




कार्यवाही के दौरान 6 केन्टर सामान जप्त कर गोदाम में भिजवाया गया तथा मौके पर अस्थाई अतिक्रमण करने वालों से मौके पर 8 हजार रूपये का केरिंग चार्ज वसूल किया गया तथा दौरे के दौरान कार्यवाही सतर्कता टीम द्वारा मौके पर समझाई करते हुए मौखिक पाबंद करवाया कि भविष्य में अस्थाई अतिक्रमण समय से हटा ले अन्यथा नगर निगम जयपुर ग्रेटर के क्षेत्राधिकार में अवैध अतिक्रमण करने वालों के विरूद्ध भारी चालान या प्रभावी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

## किशनगढ़ रेनवाल में खाद्य निरीक्षण एवं नमूनीकरण की कार्रवाई



### –प्रथम दृष्टया नकली पाए जाने पर दो ब्रांड के घी सीज

खबरों की दुनिया

**जयपुर।** इकबाल खान (आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण राजस्थान जयपुर) तथा डॉ. हंसराज भदालिया (मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जयपुर द्वितीय) के निर्देशन में सोमवार को खाद्य सुरक्षा अधिकारियों के दल को प्राप्त सूचना के आधार पर किशनगढ़ रेनवाल में खाद्य व्यवसाय फर्म रिद्धि सिद्धि किराना स्टोर, बासड़ी रोड़ पर निरीक्षण एवं खाद्य नमूनीकरण की कार्रवाई की गई। कृष्णा ब्रांड एवं लोटस ब्रांड घी के 15 किलोग्राम के क्रमशः 05 एवम 15 टिन प्रथम दृष्टया नकली पाए जाने पर दोनों प्रकार के घी का नमूना लेने के पश्चात शेष घी को रिपोर्ट आने तक के लिए सीज किया गया।

खाद्य पदार्थ जांच लैब से रिपोर्ट प्राप्त होने के पश्चात खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 नियम एवं विनियम 2011 के अनुसार अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

इस कार्रवाई में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जयपुर द्वितीय के खाद्य सुरक्षा अधिकारी दीपक कुमार सिंधी, अवधेश गुप्ता और नंदकिशोर कुमावत तथा सहायक कर्मचारी लल्लू प्रसाद शर्मा तथा दोनो ब्रांड के घी के प्रतिनिधि अधिकारी शामिल रहे।

# गन्ने के रस पर चर्चा करें तो बढ़ सकता है मतदान



अशोक चतुर्वेदी
व्यंग्यकार

सुना है पहले चरण में कम वोटिंग हुई....रायचंद वजह तलाश रहे हैं...मंथन चल रहा है...तरह-तरह के सुझाव निकल कर आ रहे हैं... रायचंदों का मानना है कि चाय पर चर्चा का बड़ा असर हुआ था...पार्टी बहुमत से जीती थी...अब गर्मी बहुत तेज है तो गन्ने के रस पर चर्चा की जा सकती है...चाय दस रुपए की तो गन्ने का रस पंद्रह रुपए का आता है...दस साल में इतना बजट तो बढ़ना बनता है...लेकिन कहीं भी गन्ने के रस पर चर्चा नहीं की गई....पहले दिन से ही लोग इंतजार करते रहे...गन्ने के रस पर चर्चा हो...लेकिन चर्चा नहीं हुई...मजबूरन इन्हें जेब से पैसे खर्च करके गन्ने का रस पीना पड़ा...वजहों में एक वजह यह भी हो सकती है कम मतदान की...बावजूद इसके सबक नहीं लिया है... दूसरे फेज के मतदान से पहले भी गन्ने के रस पर चर्चा नहीं हो रही है....लखनऊ में हीटवेव की चेतावनी के बाद भी गन्ने के रस पर चर्चा नहीं हो रही है...बात अगर दाभड़ी गांव की होती तो समझ में आने वाली बात थी..यहां के लोग नेता से मिलने को आतुर हैं...यह अलग बात है कि कोई सूरत नजर नहीं आ रही...ये दस साल पहले का दृश्य याद करते हुए बताते हैं कि कैसे नेता ने बड़ा नेता बनने से पहले वादों की झड़ी लगा दी थी...लेकिन दस साल गुजरने के बाद भी गांव के हालात नहीं बदले हैं...तो जैसे ही इन्हें पता चला कि अब ये बड़े नेता गारंटी दे रहे हैं तो ये ज्यादा व्याकुल हो गए....दिन-रात इंतजार कर रहे हैं..नेता आए तो गारंटी मांग लें...नेता समझदार है, गांव का रूख नहीं करता... अलबत्ता एक मीडिया एजेंसी को जब खबर लगी तो कुछ कारिंदे पड़ताल करने गए...पता चला कि नेता से किसान खासे नाराज हैं...इन्होंने गांव में चाय पर चर्चा का पुराना बैनर लगा दिया है...इस पर कुछ सवाल भी उठाए गए हैं...गांव के लोग बताते हैं जब नेता क्षेत्रीय नेता हुआ करते थे तो चाय पर चर्चा के लिए गांव आए थे....रू-ब-रू बात हुई...बड़े-बड़े वादे किए...लेकिन जब ये नेता बड़े नेता हो गए तो सुध नहीं ली...लोग बिजली समस्या से लेकर आर्थिक परेशानियों से जूझ रहे हैं...क्या मजाल कोई खबर लेता हो...इस बीच जब वे सुनते हैं गारंटी दी जा रही है तो बेसब्र हो उठते हैं...हालांकि गारंटी भी चुनावी जुमला है, ऐसा विरोधी आरोप लगाते हैं...तो दाभड़ी गांव के लोग ही नहीं...देश चर्चा का इंतजार करता रहा और चुनाव भाषणों पर हो गए..हो रहे हैं...आम आदमी ने जब देखा कि गन्ने के रस पर चर्चा तो दूर...चाय



पर भी चर्चा नहीं हो रही है तो खुद के पैसों से गन्ने के रस का सेवन किया...गर्मी इतनी पढ़ रही है कि इसके अलावा सारे जूस महंगे हैं...तो आम आदमी को गन्ने के रस में रस आ रहा है...शायद इसी वजह से रायचंदों ने गन्ने के रस पर चर्चा की बात कही होगी..दस साल पहले मुफ्त में मिली चाय का स्वाद आज तक जीव्हा पर है...तो इस बार ये गन्ने के रस पर चर्चा की आस लगाए रहे...लेकिन नेता ने

> गरमी बहुत है तो चाय पर चर्चा ना सही, गन्ने के रस पर चर्चा तो बनती थी...इससे मतदान प्रतिशत भी बढ़ जाता...कूल-कूल रस पीकर मतदान का मजा ही कुछ और होता...लेकिन परिपाटी की नींव रखने वाले दल ने बड़ी बेरुखी दिखाई...ना चाय पर चर्चा की और ना ही गन्ने के रस पर चर्चा की...इस बीच महाराष्ट्र के यवतमाल जिले के दाभड़ी गांव के लोग चेत गए...इन्होंने वादे याद दिलाने के लिए दस साल पहले लगाए चाय पर चर्चा के पोस्टर फिर गांव में लगा दिए...अब गारंटर की गारंटी का इंतजार है!

तव्वजो नहीं दी...पार्टी ने बेरुखी दिखाई...गर ये मतदान वाले दिन भी गन्ने का रस पिलवा देते तो शायद मतदान प्रतिशत बढ़ जाता....वैसे चुनाव लड़ रहे बड़भैये नेता मर्म समझ गए हैं...समझ गए हैं कि ऐसे पार पड़ने वाली नहीं....तो ये चाय-नाश्ता...यहां तक की खाना भी ऐसी जगह खा रहे हैं जिससे लगे कि ये भी आम आदमी ही हैं... एक-दो नेताओं की तो फोटो छपी है...नेता हैं तो फोटो छपी है...वरना तो आम आदमी रोज ही पेड़ के नीचे बैठ खाना खाता है...क्या मजाल आज तक फोटो छपी हो...पड़ोसी तोताराम ने तो जैसे ही चित्र अखबार में देखा...पत्नी से खाना पैक करा कर ले गया और बबूल के पेड़ के नीचे बैठ खाना खाया...शाम तक फोटो नहीं खिंचने पर उदास घर लौटा...रात को परिजनों ने मोबाईल से फोटो खींचा तब जाकर तोताराम के चेहरे पर हंसी आई...वरना तो उदास ही सोने चला गया था...तो नेता चाय पर चर्चा नहीं होने...गन्ने के रस पर चर्चा नहीं होने के बाद भी जुगाढ़ किए हैं...प्रेस फोटोग्राफर को साथ लेकर चल रहे हैं..जैसे ही किसी पेड़ की छांव में सुस्ताते हैं...फोटो क्लिक हो जाता है...महाराष्ट्र के यवतमाल जिले के दाभड़ी गांव के लोग भी फोटो नहीं खिंचने से परेशान हैं...दस साल पहले हर जगह दाभड़ी चर्चा में था...अब कोई बात भी नहीं कर रहा तो इन्होंने चाय पर चर्चा का पुराना पोस्टर गांव में लगा दिया है...शायद बड़े नेता को याद आ जाए...किए वादे याद आ जाएं...और कुछ नहीं तो गारंटी ही दे दें...पोस्टर बताते हैं, फलांराम की गारंटी है, नाम इसलिए नहीं लिख रहे कि डर लगता है...बता दें कि दाभड़ी की हकीकत पर कैमरे के सामने मुंह खोलने वालों के यहां भी पुलिस पहुंच गई थी..नजरबंद कर दिया गया था...तो गारंटी पर नाम उजागर करने पर पुलिस नहीं आएगी, इस बात की क्या गारंटी...तो गारंटी अब बड़े नेता की गारंटी हो गई है...यही वजह है कि चाय पर चर्चा की जगह जब रायचंदो ने गन्ने के रस पर चर्चा का सुझाव रखा तो रास आया...सोचा, कुछ नहीं भी मिला तब भी चर्चा में भड़ास तो निकलेगी...तो इंतजार है गन्ने के रस पर चौपाल की..आपको भी खबर लगे तो इत्तला करें...वरना तो हम पैसे लगा गन्ने का रस पी ही रहे हैं।

**(यह लेखक के अपने विचार है)**

# नहीं रहे अहिंसा और भूदान सिद्धान्तों के कर्मयोगी धीरूभाई मेहता

प्रो. श्याम सुंदर भाटिया

88 साल की उम्र में गांधी विचारक, चार्टर्ड अकाउंटेंट और सामाजिक जगत में सात दशकों से सक्रिय श्री धीरू भाई मेहता का देहांत हो गया। गांधी-विनोबा विचार के संस्थानों के संरक्षक रहे श्री धीरू भाई मेहता ने सोमवार सुबह मुम्बई के नामदेव अस्पताल में अंतिम सांस ली। श्री मेहता की कल तबीयत बिगड़ने से उन्हें अस्पताल ले जाया गया था, जहां डाक्टरों के अथक परिश्रम के बाद भी उन्हें बचाया नहीं जा सका। श्री धीरूभाई मेहता को विनोबा भावे, जयप्रकाश नारायण और श्रीमती सुशीला नय्यर जैसे महात्मा गांधी के उत्साही अनुयायियों के निकट संपर्क में रहने का सौभाग्य मिला। धीरूभाई मेहता पत्रकारिता के क्षेत्र में भी सक्रिय रहे, उनके 200 से अधिक आलेख पत्र पत्रिकाओं में प्रकाशित हुए, जिसमें सरदार वल्लभभाई पटेल- द स्टीलमैन ऑफ इंडिया पर एक पुस्तक भी शामिल है। श्री धीरूभाई किसी भी राजनीतिक दल के प्रति पूर्वाग्रह के बिना सरकार और उसकी नीतियों के साथ-साथ विपक्ष के भी कट्टर आलोचक रहे, लेकिन दृढ़ता से इस बात की वकालत करते रहे कि गांधीवादी दर्शन भारत के विकास के लिए



धीरूभाई मेहता

आदर्श मार्ग है। वे गुजराती समाचार पत्र जन्मभूमि समूह से भी जुडे रहे। धीरूभाई एस मेहता पेशेवर रूप से वित्त, निवेश, कराधान और कॉर्पोरेट प्रबंधन में विशेषज्ञता के साथ एक चार्टर्ड अकाउंटेंट के रूप में अपनी सेवाएं दीं। निदेशक और सलाहकार के रूप में कॉर्पोरेट जगत के साथ उनका लंबा जुड़ाव रहा। उम्र के पचास वर्ष के पडाव तक पहुंचते पहुंचते उन्होंने अपने जीवन की दिशा बदल ली। और जीवन का अधिकांश समय स्वैच्छिक कार्यों शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल और महिलाओं एवं बच्चों के उत्थान के कामों में समर्पित कर दिया।

> धीरूभाई मेहता पत्रकारिता के क्षेत्र में भी सक्रिय रहे, उनके 200 से अधिक आलेख पत्र पत्रिकाओं में प्रकाशित हुए, जिसमें सरदार वल्लभभाई पटेल- द स्टीलमैन ऑफ इंडिया पर एक पुस्तक भी शामिल है। श्री धीरूभाई किसी भी राजनीतिक दल के प्रति पूर्वाग्रह के बिना सरकार और उसकी नीतियों के साथ-साथ विपक्ष के भी कट्टर आलोचक रहे, लेकिन दृढ़ता से इस बात की वकालत करते रहे कि गांधीवादी दर्शन भारत के विकास के लिए आदर्श मार्ग है।

वे वास्तव में गांधीवादी विचारों को अपने जीवन में अपनाते रहे और एक सच्चे विचारक के रूप में गांधीवादी मूल्यों का सक्रिय रूप से आजीवन पालन करते रहे। श्री मेहता कस्तूरबा गांधी नेशनल मेमोरियल ट्रस्ट, नवजीवन ट्रस्ट और गांधी मेमोरियल लेप्रोसी फाउंडेशन, मणिभवन गांधी संग्रहालय, मुंबई जैसे कई रचनात्मक संस्थाओं के अध्यक्ष रहे। साथ वे महात्मा गांधी संस्थान के अध्यक्ष, प्रतिष्ठित महात्मा गांधी इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज सेवाग्राम (वर्धा), गुजरात विद्या पीठ, गांधी स्मारक निधि और गांधी शांति फाउंडेशन के ट्रस्टी के तौर पर अपनी सेवाएं दी। वे समाजसेवा के क्षेत्र में दिए जाने वाले सम्मानित जमना लाल बजाज पुरस्कार की चयन समिति से भी जुड़े रहे। उनका वर्धा के प्रतिष्ठित बजाज परिवार और जाजू परिवार से निकट का रिश्ता था। देश की अनेक गांधी विचारक रचनात्मक संस्थाओं ने धीरू भाई के निधन पर शोक व्यक्त किया है। गांधी शांति प्रतिष्ठान के अध्यक्ष श्री कुमार प्रशांत, जस्टिस श्री सत्य रंजन धर्माधिकारी बंबई, कस्तूबा गांधी राष्ट्रीय स्मारक ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ. करूणाकर त्रिवेदी, पूर्व आयकर महानिदेशक डॉ. राकेश पालीवाल, हरिजन सेवक संघ उत्तर प्रदेश की अध्यक्षा मैम कुसुम बहन, तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी के प्रो. श्याम सुंदर भाटिया, अंकितग्राम सेवाधाम, उज्जैन के अध्यक्ष श्री सुधीर भाई गोयल, सर्व सेवा संघ सेवाग्राम के पूर्व अध्यक्ष सुगन बरंट, विनोबा विचार प्रवाह परिवार के श्री रमेश भईया, सर्वोदय प्रेस सर्विस- सप्रेस परिवार की ओर से संपादक श्री राकेश दीवान और श्री कुमार सिद्धार्थ ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि श्री धीरूभाई मेहता के निधन से विशेष क्षति हुई है। उन्होंने कर्मयोग के मूल्यों को अपनाया और गांधीवादी सिद्धांतों को अपने जीवन का एक अभिन्न हिस्सा बनाया। उनकी उपस्थिति कॉर्पोरेट सेक्टर में भी सक्रिय रहीं और उन्होंने अपने व्यावसायिक क्षेत्र में अपनी प्रतिष्ठा बनाई। उनके जीवन और कार्य में एक वैचारिक प्रभाव हमेशा रहा है। श्री धीरूभाई के देहांत से गांधी विचार परिवार ने विशिष्ठ व्यक्तित्व को खोया है, उनकी स्मृति को नमन।

# मानव संबंधों में सबसे बड़ी गलती-हम आधा सुनते हैं, चौथाई समझते हैं, शून्य सोचते हैं लेकिन प्रतिक्रिया दुगनी करते हैं



एडवोकेट
किशन सनमुखदास भावनानी

**वैश्विक स्तरपर** भारत एक दुनियां का सबसे बड़ी 144.17 करोड़ वाली जनसंख्या का देश है। जहां हमारी लाखों जातियां,उपजातियां व धर्म के लोग एक साथ एक ही देश राज्य जिले शहर व गांव में रहते हैं, इसलिए भारत को धर्मनिरपेक्ष वाला देश कहा जाता है।यह सब जानकारी हम वर्षों से सुनते आ रहे हैं,परंतु सबसे बड़ी बात इतनी विशाल जनसंख्या वाले देश में मानव संबंधों को रेखांकित करना जरूरी है, कि कैसे आपसी तालमेल से रहते आ रहे हैं, जबकि आज के डिजिटल युग में मानवीय संबंधों में तुरंत खटास आ जाती है, क्योंकि आज कोई भी सुनना समझना सोचना नहीं चाहता, बस मेरी मुर्गी की एक टांग वाली कहावत अपनानें यानें अपनी चलना चाहता है,जो सबसे बड़ी गल्ती है। यह विषय आज मैंनें इसलिए चुनाव हैक्योंकि आज रविवार दिनांक 21 अप्रैल 2024 को मैंने एक सामाजिक व्हाट्सएप ग्रुप चालू किया तो उसमें चैटिंग के जरिए किसी मुद्दे पर बहसबाज़ी शुरू थी, समाज के किन्हीं ग्रुप पर कोई अन्य ग्रुप की टीका टिप्पणीशुरू थी और किसी ने वॉट्सएप में एक इमेज डाला जिसमें लिखा था मानव संबंधों में सबसे बड़ी गल्ती है कि हम आधा सुनते हैं,चौथाई समझते हैं,शून्य सोचते हैं लेकिन प्रतिक्रिया दुगनी करते हैं वाह ! क्या बात है! मैंने उस समय इस इमेज को कोटिंग टैग करके लिखा आज में इस विषय पर ही आर्टिकल लिखूंगा। हमें इस टैग में लिखी गई लाइनों का आंकलन राजनीतिक सामाजिकपारिवारिक रूप से अधिक समझने की जरूरत है,क्योंकि यही से खटास का कटाक्ष शुरू होता है और संबंध बिगड़ने शुरू हो जाते हैं, क्योंकि हर स्तरपर हम उपरोक्त लाइनों में दी गई गलतियां करते हैं, तो दूसरी तरफ हमारे अंदर यह कमी है कि किसी की अभूतपूर्व सफलता से खुद को असहज़ महसूस करते हैं,जिसका प्रचलन आज बढ़ते जा रहा है जो बहुत खेदजनक है। आज अगर राजनीतिक सामाजिक स्तरपर कोई व्यक्ति हमसे आगे निकल रहा है तो हम उसकी टांग खींचने की रखते हैं,यही कारण है कि आज अनेक बड़े-बड़े संगठनों का विघटन होकर छोटे-छोटे संगठन बढ़ रहे हैं, हर कोई नेतृत्व करना चाहता है, मेरे एक दोस्त ने सही कहा कि हमारे मोहल्ले में हर दो घर छोड़कर एक सेवादारी या नेता आदमी तैयार है, कोई अपने संगठन का संस्थापक,अध्यक्ष या फिर जुझारू नेता कार्यकर्ता का टैग लगाकर चल रहा है। अपनी गलती पर वह एक अच्छा वकील बनकर सफाई देता है तो वहीं दूसरी और दूसरों की गलती पर सीधे जज बनकर उसके खिलाफ फैसला देखकर उसकी रेपुटेशनयानें इज्जत की सरेआम हत्या कर देता है जो उचित नहीं है। चूंकि आज दिखावापन अधिक हो गया है, इसीलिए गुप्त सेवा महासेवा गुप्तदान महादान विलुप्तता के कगार पर है और मैं मेरी सेवा, मेरा वित्तीय योगदान मेरा सहयोग विचारधारा तेज गति से बढ़ रही है।इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे,मानव संबंधों में सबसे बड़ी गल्ती हम आधा सुनते हैं, चौथाई समझते हैं शून्य सोचते हैं लेकिन प्रतिक्रिया दुगनी देते हैं।

साथियों बात अगर हम अपनी गलती की करें तो,जीवन में सबसे बड़ी गलती यह है कि हम आधा सुनते हैं, चौथाई समझते हैं, शून्य सोचते हैं, लेकिन प्रतिक्रिया दुगनी करते हैं। दुनियां में इंसान को हर चीज मिल जाती है, लेकिन नहीं मिलती है तो सिर्फ अपनी गलती। गलती निकालने के लिए दिमाग चाहिए और उसे कबूलने के लिए कलेजा चाहिए। कई बार व्यक्ति खुद की गलती पर अच्छा वकील बनता है और दूसरों की गलती पर सीधा जज बन जाता है। इसलिए दूसरे से हुई गलती को माफ करने में उतना ही उदार होना चाहिए, जितना अपनी गलती के लिए माफी की उम्मीद। कड़वा सत्य है कि क्रोध के समय थोड़ा रुक जाएं और गलती के समय थोड़ा झुक जाएं तो दुनिया की काफी समस्याएं हल हो जाएंगी। गलतियां जीवन का हिस्सा हैं, पर इन्हें स्वीकारने का साहस बहुत कम में होता है। किसी में कोई कमी दिखाई दे तो उसे समझाएं, लेकिन हर किसी में ही कमी दिखाई दे तो खुद को समझाएं। गलती होने पर उसे सही ठहराने के बजाय उसे स्वीकारने और क्षमा मांगने की हिम्मत दिखाएं। अहंकार इसलिए खराब है कि यह महसूस नहीं होने देता कि हम गलत हैं। अपनी त्रुटियों के विषय में हम खुद को धोखा देते रहते हैं और आखिरकार उन्हें अपना गुण समझने लगते हैं। अनजाने में हुई गलतियां उतनी परेशानी नहीं देतीं, जितनी जानबूझ कर की गई गलतियां। गलती मानने से भविष्य में गलती कम होने की गुंजाइश बढ़ जाती है। इससे आत्मविश्वास बढ़ता है और व्यक्तित्व का विकास भी होता है। गलती न मानने वाला सबसे ज्यादा गलती करता है और खुद सवालिया निशान बन जाता है।बेशक किसी के जीवन में गलती का दौर कभी और किसी भी मोड़ पर आ सकता है। गलतियां जोखिम भरी होती हैं और मनुष्य उनमें उलझ कर रह जाता है। जिंदगी में गलती होना आम है लेकिन उसका निवारण साधारण नहीं है। स्वभाव में जकड़ी गलतियां व्यक्ति को ऐसे मोड़ पर ले जाती हैं, जहां से लौटना मुश्किल है और उनका दुष्प्रभाव लाजिमी है। बहुत-सी गलतियां गलत सोच, सही जानकारी की कमी, गंभीरता का अभाव, स्थिति की नजाकत को भांपने में कमी आदि के अलावा मार्गदर्शन का अभाव और अनुभवहीनता से भी होती हैं। सारी जिंदगी अच्छा करके भी चंद पलों की गलती हमें बुरा बना देती है। गलती पर साथ छोड़ने वाले तो बहुत मिलते हैं, पर गलती समझा कर साथ निभाने वाले बहुत कम मिलते हैं। गलती उसी से होती है जो काम करता है। साथियों बात अगर हम जिंदगी में गल्ती और गलत सोच एक दूसरे से बारीकी जुड़े हुए और पूरक होने की करें तो, दरअसल,जिंदगी में गलती और गलत सोच एक दूसरे से बारीकी से जुड़े हैं और पूरक हैं। हमें गलत और गलती को समझने की आदत डालनी चाहिए। उसके लिए जरूरी है कि सही जानकारी रखें, ठीक से विश्लेषण कर सही और गलत के अंतर के अभ्यास से फैसला करें, न कि आंख मूंद कर कुछ भी सोचते, समझते और करते जाएं। आज के युग में सही को सही कहना भी मुश्किल है, क्योंकि अमूमन हम गलत को गलत जानना-समझना-मानना नहीं सीख रहे। गलतियों से सबक लिया तो वे वरदान हैं और नजरअंदाज किया तो अभिशाप भी बन जाती हैं। बता दें कुदरती तौर पर हम अलग-अलग बने हुए हैं, इसलिए हरेक मनुष्य के सोचने-समझने और बोलने का ढंग अलग-अलग है। बहुत बार कहने वाला कुछ कहता है, समझने वाला कुछ और ही समझ बैठता है और उसका फल भी दोनों की सोच से अलग हो सकता है। कुछ लोग जो मन आया, वही काम कर देते है या बोल देते हैं।

ऐसे में पैदा होने से लेकर मृत्यु तक गलती का अध्याय भी समांतर खुला होता है, जो कुछ का कुछ करवा देता है और गलती को जीवन में समेटना न केवल मुश्किल होता है, बल्कि उसके घातक परिणाम का अंदाजा लगाना भी असंभव-सा होता है। कभी-कभी किसी दूसरे की गलती से भी सुख-चैन भंग हो जाता है और बदले में गुस्से से हमसे भी गलती हो सकती हैं, जिसका गहरा अफसोस होता है और दोनों ओर का नुकसान होता है। गलती से दिल पर लगा जख्म कभी कभी बहुत गहरा भी होता है और लंबे समय तक उसकी टीस बनी रहती है। अपनी गलती स्वीकारना झाडू लगाने के समान है, जो सतह को चमकदार और साफ कर देती है। कुछ लोग इतने अड़ियल होते हैं कि जिद, अहंकार और झूठी शान से गलती नहीं मानते और गलतियां करते जाते हैं। जिद से हुई गलतियों का अहसास केवल पछतावा नहीं है, बल्कि सोचने और काम करने का तरीका जिम्मेदार है। सबक तभी मूल्यवान है, जब आगे गलतियां न करें। कई लोग गलती निकलने पर बिदकते हैं, पर उन्हें खुश होना चाहिए कि जो सही में गलतियां निकालता है, वह हमें दोष-रहित बनाने में अपना दिमाग और समय लगा रहा है। ऐसा भी देखा गया है कि धन का अनायास आना भी गलतियों को बढ़ावा देता है। किसी ने ठीक ही कहा है कि भरी हुई जेब आपको कई गलत रास्तों पर ले जा सकती है, लेकिन खाली जेब जिंदगी के कई मतलब समझा सकती है। बचपन में मां-बाप गलतियों के कारण डांटते हैं। बड़े होने पर हमारा रवैया थोड़ा भिन्न हो जाता है और गलती पर टोकना अखरता है।

अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि मानव संबंधों में सबसे बड़ी गल्ती-हम आधा सुनते हैं,चौथाई समझते हैं,शून्य सोचते हैं लेकिन प्रतिक्रिया दुगनी करते हैं।व्यक्ति खुद की गल्ती पर अच्छा वकील बनता है और दूसरों की गलती पर सीधा जज बन जाता है।गुप्त सेवा महासेवा,गुप्त दान महादान विलुप्तता की ओर-मैं मेरी सेवा मेरा वित्तीय योगदान,मेरा सहयोग विचारधारा तेज़ रफ्तार से बढ़ी है।

**(यह लेखक के अपने विचार हैं)**

(चिंतन मनन)

# साहित्य, भाषा आत्मिक गौरव की अभिभाषक

साहित्य अध्ययन, उन्नयन मनुष्य के जीवन में उत्कृष्टता का आधार होता है।साहित्य सदैव मनुष्य के जीवन में संवेदना, संवेदनशीलता एवं मानवता लाने का उत्कृष्ट कार्य करता है। हमारा साहित्य, भाषा, हमें आत्मिक गौरव का सदैव अभिभाष कराती है। इसीलिए जीवन में साहित्यिक पुस्तकों का विशेष महत्व है। सतसाहित्य और भाषा से जीवन गरिमा और गहरी संवेदना लिए हुए होता है। वस्तुत अच्छा साहित्य का वाचक, एक प्रशासक, एक अच्छा अभिनेता और एक अच्छा राजनेता बन सकता है। पर दूसरी तरफ एक अच्छा राजनेता, अच्छा प्रशासक, अच्छा अभिनेता बिना भाषा ज्ञान और साहित्यिक मनन के अच्छा साहित्यकार या उत्कृष्ट मानव नहीं हो सकता है। इसके लिए मनुष्य के जीवन में साहित्य के अध्ययन, मनन और चिंतन की आवश्यकता होती है। क्योंकि साहित्य में मानवीय समाज के सुख-दुख, आशा निराशा,उत्थान और पतन का स्पष्ट परिवेश स्वमेव उपस्थित रहता है। साहित्य की इन्हीं सब खूबियों के कारण उसे समाज का प्रतिबिंब कहा जाता है। साहित्य सर्वमान रूप से एक स्वायत्त आत्मा ही है, और साहित्य का रचयिता खुद स्वयं यह नहीं बता सकता कि साहित्य किसके जीवन में कब और क्या क्या परिवर्तन ला सकता है। मूलतःसाहित्य सत्य के अन्वेषण की साधना और सौंदर्य की अभिव्यंजना भी है। विशुद्ध जीवन एवं उच्च सत साहित्य मानव और समाज की संवेदना और उसकी सहज व्यक्तियों को युगों तक आने वाली पीढ़ियों में संचारित करता रहता है।और यही वजह है कि शेक्सपियर, तुलसीदास की कृतियां आज भी लोगों के हृदय में राज करती है। वैश्विक स्तर पर मनुष्य कितने ही जाति, राजनीति और भौगोलिक तौर पर अनेक गुटों में बट जाए, पर साहित्यिक धरातल एवं परिसीमा में सब एक हैं,सभी का बराबरी का दर्जा है। साहित्य मनुष्य को मानव और एक सहृदय व्यक्ति बनाना सिखाता है। दुनिया के सभी इंसान एक है,उनकी प्रवृतियां भी एक जैसी ही है। साहित्य सभी मानव में संवेदना भरकर करुणा, दया तथा परस्पर स्नेह के भाव पैदा करता है। साहित्य समय की धारा से अछूता नहीं रह सकता है। साहित्यकार उस समय काल की धारा में बैठकर उस समय की पीड़ा, संत्रास और उत्पीड़न को लेकर अपनी रचनाएं करता है, और समाज को एक परिष्कृत वातावरण बनाने के लिए प्रेरित करता है। जिस समाज में साहित्यिक परंपरा विशाल एवं समृद्ध है,वह समाज हमेशा से जीवंत और प्रगतिशील माना गया है। सत साहित्य सदैव मानवी सहज प्रवृत्तियों के साथ समय की धारा के साथ परिवर्तित एवं परिमार्जित होता रहा है। और यही कारण है कि एक अच्छा साहित्यकार एक अच्छा मनुष्य माना जाता है। और उसकी कृति युगों युगों तक जनमानस को प्रेरित, उत्प्रेरित तथा उत्साहित करती रहती है। साहित्य भविष्य की रूपरेखा वर्तमान को सामने रखकर सुनिश्चित करते हुए मानव के सोए हुए विवेक शक्ति को जागृत करने का प्रयास करता है। और श्रेष्ठतम साहित्य में मनुष्य के भीतर तथा बाहर के सार्वभौमिक मूल्यों,संदेशों और उद्देश्य को अंतर्निहित किए रहता है। यही कारण है की कबीरदास, रविंद्र नाथ टैगोर, जयशंकर प्रसाद, प्रेमचंद, शेक्सपियर, होमर,मिल्टन मानवीय चेतना के चितेरे साहित्यकार माने गए और उन्हें युगों युगों तक याद किया जाता रहेगा। वास्तव में जीवन साहित्य का आधार है, चाहे वह व्यक्ति विशेष का हो, परिवार का हो, समाज का हो, राज्य का हो या राष्ट का हो या संपूर्ण विश्व का जीवन के बिना साहित्य की कल्पना ही असंभव और साहित्य की समृद्धि बिना जीवंत समाज का सम्यक विकास असंभव है। साहित्य, भाषा, संवेदना जीवन का मेरुदंड है। जिंदगी में यथार्थवाद समाविष्ट रहता है और साहित्य आशावादी दृष्टिकोण से परिपूर्ण रहता है, इस तरह जीवन में यथार्थवाद और आशावाद एक दूसरे के पर्याय तथा पूरक हैं। साहित्य वैसे तो मानवीय जीवन में, जो है और जो होना चाहिए उसके बीच का एक जरिया ही है। साहित्य अपनी परिकल्पना उसे मानवीय समाज में मानवीय संबंधों के सुधार की जो आवश्यकता है, उस को रेखांकित करता है। और साहित्य समाज में व्यक्ति की जिंदगी में अपनी परिकल्पना से आल्हाद,उमंग और आनंद भी देता है, जिसकी मानव अपनी जिंदगी सर्वश्रेष्ठ पलों की कामना करता है। मूल रूप से अच्छा रचनाकार, बड़ा साहित्यकार, समय काल में समाज की ही देन होता है। और उसी समाज विशेष की भाषा, संस्कृति, परंपराओं और इतिहास के दायरे में उसकी रचनात्मकता परवान चढ़ती है। अतः जीवन में और साहित्य के मध्य जितना आदान-प्रदान होगा, वहां साहित्य एवं जीवन जीवंत, संवेदनशील और प्रभाव शाली होगा।



संजीव ठाकुर
चिंतक, लेखक

मनुष्य के जीवन में निराशा, आशंका का प्रादुर्भाव हमेशा से बना रहता है, और साहित्य जीवन में आशा, विश्वास एवं भविष्य की परिकल्पना उसे सुसज्जित रहता है। जीवन को एक नया दृष्टिकोण, एक नई दृष्टि और नया उजाला प्रदान करता है।

**(यह लेखक के अपने विचार है)**

# आमजन की शिकायतों पर त्वरित संज्ञान लें जिम्मेदार विभागः श्रीनिधि बी टी

धौलपुर ● खबरों की दुनिया

### साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित



जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। जिला कलक्टर ने सभी विभागों को लाईस पोर्टल पर लंबित मामलों के निस्तारण करने के निर्देश दिये। उन्होंने जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग को आमजन की पेयजल संबंधित विभिन्न शिकायतों पर त्वरित कार्यवाही करने के निर्देश दिये। उन्होंने नगर परिषद को शहर के तंग इलाकों में अग्निशमन सुविधाएं पहुंचाने हेतु छोटे वाहन इत्यादि के बारे में योजना बनाकर प्रबंध करने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि नगर परिषद शहर में ड्रेनेज प्रबंधन हेतु सीवरेज की नियमित अंतराल पर सफाई करवाये। उन्होंने जिला रसद अधिकारी को रसोई गैस सिलेण्डरों की समय पर सेफ्टी ऑडिट कराये जाने हेतु आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये। उन्होंने आमजन द्वारा प्राप्त शिकायतों को संपर्क पोर्टल पर समय पूर्वक अपलोड करायें। जिला कलक्टर ने सभी विभागों को गुणवत्तापूर्ण ढंग से आमजन की शिकायतों का निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया। जिला कलक्टर ने सभी विभागों को ई-फाइल पर कार्य में तीव्रता लाने एवं औसत फाईल निस्तारण समय को कम करने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने सम्पर्क पोर्टल पर लंबित प्रकरणों एवं जन अभाव अभियोग के प्रकरणों का निस्तारण करने हेतु सभी संबंधित विभागों को निर्देशित किया। इस अवसर पर अतिरिक्त जिला कलक्टर ब्रह्मलाल जाट सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# ड्राईविंग लाईसेन्स एवं वाहन पंजीयन प्रमाण पत्र की फीस रिफंड हेतु आवेदन प्रारम्भ

धौलपुर ● खबरों की दुनिया

जिला परिवहन अधिकारी देवानंद ने बताया कि परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग द्वारा 1 अप्रैल 2024 से नये ड्राईविंग लाईसेन्स एवं वाहन पंजीयन प्रमाण पत्र तथा इनसे सम्बन्धित सेवायें यथा नवीनीकरण, फाइनेन्सर हाइपोथिकेशन, स्मार्ट कार्ड के स्थान पर ई-डी.एल एवं ई-आर.सी. के रूप में इलेक्ट्रॉनिकली जारी किये जाने के निर्देश प्रदान किये गये हैं। जिन आवेदकों ने 31 मार्च 2024 तक ड्राईविंग लाईसेन्स एवं पंजीयन प्रमाण पत्र हेतु कार्यालय में आवेदन कर फीस जमा कर चुके हैं परन्तु उन्हें कार्यालय द्वारा वाहन पंजीयन प्रमाण पत्र एवं ड्राईविंग लाईसेन्स के स्मार्ट कार्ड जारी नहीं हो पाये हैं ऐसे आवेदकों को स्मार्ट कार्ड की फीस की राशि 200 रुपये परिवहन विभाग द्वारा रिफंड की जानी है। रिफण्ड हेतु आवेदक को कार्यालय में स्वयं के आधार कार्ड, पैन कार्ड एवं बैंक पासबुक या कैंसिल चैक की छायाप्रति जमा कराकर आवेदन 30 अप्रैल 2024 तक किया जाना आवश्यक है। आवेदन परिवहन कार्यालय धौलपुर में पंजीयन शाखा एवं लाइसेंस शाखा में जमा कराये जायेंगे।

# विवाहिता की हुई संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

धौलपुर ● खबरों की दुनिया

महाराजपुरा गांव में एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। पीहर पक्ष ने ससुराल पक्ष पर हत्या का आरोप लगाया है। घटना की सूचना पर सदर पुलिस मौके पर पहुंची जिन्होंने पोस्टमॉर्टम के लिए शव को अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया। घटना को लेकर मृतक विवाहिता गुड्डी पत्नी देवेंद्र कुशवाहा के चाचा रणवीर कुशवाहा ने बताया कि उसकी भतीजी गुड्डी की शादी करीब 28 साल पहले महाराजपुर गांव के देवेंद्र के साथ हुई थी। शादी के बाद से ही देवेंद्र गुड्डी को परेशान करता था, कई बार देवेंद्र की शिकायत पुलिस से भी की गई, लेकिन हर बार देवेंद्र मायके पक्ष से समझाइश कर पत्नी को अपने साथ ले जाता था। मृतका के परिजनों ने बताया कि सोमवार को उन्हें सूचना मिली कि देवेंद्र ने ससुराल में ही गुड्डी की गला दबाकर हत्या कर दी है। मौके पर पहुंचे परिजनों को वो बेहोश मिली। अस्पताल ले जाने पर इमरजेंसी में तैनात ड्यूटी डॉक्टर ने गुड्डी को मृत घोषित करते हुए शव को अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया। थाना प्रभारी रामनरेश मीणा ने बताया कि महिला के आत्महत्या करने की सूचना मिली थी। मामले को लेकर पीहर पक्ष द्वारा रिपोर्ट देने के बाद पोस्टमॉर्टम कराया जाएगा।

# जाम से निजात दिलाने के लिए पुलिस ने की कार्यवाही

धौलपुर ● खबरों की दुनिया





प्रतिदिन जाम की समस्या से जूझ रहे शहर वासियों को जाम से मुक्ति दिलाने के लिए सीओ सिटी ने पुलिस जाब्ते के साथ पैदल मार्च कर वाहनों के खिलाफ कार्यवाही की।

सोमवार को अचानक सीओ सिटी तपेंद्र मीणा के साथ पुलिस बल बाजार में पहुंच गया। जहां रॉन्ग साइड से आने वाले वाहनों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए पुलिस की टीम ने दुकानदारों को अस्थाई अतिक्रमण हटाने की चेतावनी दी। कुछ दिनों से धौलपुर शहर में प्रतिदिन जाम की समस्या बनी हुई थी। समस्या को देखते हुए जिला सुमित मेहरडा के निर्देश पर सीओ सिटी तपेंद्र मीणा निहालगंज, कोतवाली, सदर और यातायात पुलिस को लेकर सिटी के दौरे पर निकल गए। जहां सीओ के साथ मौजूद पुलिसकर्मियों ने रॉन्ग साइड से आने वाले वाहनों को रोककर उन्हें जब्त कर लिया। गुलाब बाग चौराहे से बस स्टैंड तक लेकर पुलिस ने रॉन्ग साइड वाहनों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए दुकान के बाहर रखे अस्थाई अतिक्रमण को हटाने की चेतावनी दी है।

सर्विस रोड के बाद पुलिस की टीम ने शहर के बाजारों में जाकर दुकानदारों से दुकान के बाहर रखे अस्थाई अतिक्रमण को हटाने के निर्देश दिए हैं।

# ढोल नगाड़ों के साथ रैली व रंगोली बनाकर मतदान का दे रहे संदेश



देवली ● खबरों की दुनिया

स्वीप कार्यक्रम अन्तर्गत मतदान प्रतिशत बढ़ाने एवं मतदाताओं को प्रेरित करने हेतु महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय देवलीगांव के छात्र छात्राओं एवं समस्त स्टाफ सदस्यों ने सम्पूर्ण देवली गांव के गली मौहल्लों में ढोल नगाड़ों के साथ रैली निकाल करए नारे लगाते हुए एवं चौराहे पर रंगोली सजाकर लोगों को मतदान करने हेतु प्रेरित किया। विद्यालय के स्वीप प्रभारी सुरेन्द्र नामा ने उक्त जानकारी दी। इसी प्रकार राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बीजवाड में स्वीप कार्यक्रम के तहत सतरंगी सप्ताह के षष्टम दिन मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से महिला मार्च के तहत रंगोली बनवाईए मेहंदी लगा कर वोट करूंगी, तभी तो बढूंगी संदेश देकर महिलाओं को जागरूक किया। शिक्षक सुगन चंद कुमावत ने बताया कि पर आँगन बाडी कार्यकता कौशल्या, ईन्द्रा शर्मा, संगीता, बीएलओ अनिल कुमार, शिवपाल मीणा, पंचायत सहायक सीमा जाट,ग्राम विकास अधिकारी निर्मला कुमारी, विद्यालय स्टाफ़ मौजूद रहे।

# हत्या से नाराज मृतक के परिजनों ने आरोपी के भतीजे की मारपीट

धौलपुर ● खबरों की दुनिया

खेरागढ़ कस्बे में बाड़ी निवासी एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई। हत्या से नाराज मृतक के परिजनों ने सोमवार को आरोपी के घर पहुंचकर उसके भतीजे की बेरहमी से मारपीट कर दी। जिसे बाड़ी अस्पताल से रेफर किया गया है। बाड़ी निवासी नीतू पांच महीने पहले अपने पति लक्ष्मण को छोड़कर बाड़ी के ही रहने वाले प्रेमी कंचन के साथ उत्तर प्रदेश के खेरागढ़ कस्बे में रहने लगी थी। रविवार को महिला का पति अपने बच्चों से मिलने के लिए खेरागढ़ पहुंचा। जहां उसने हथियार से महिला के प्रेमी कंचन की गोली मारकर हत्या कर दी। हत्या से आग बबूला हुए प्रेमी कंचन के परिजनों ने बाड़ी कस्बे में आरोपी लक्ष्मण के भतीजे अजय पुत्र रामहेत की दुकान पर बेरहमी से मारपीट कर दी। मारपीट में घायल हुए युवक अजय को लेकर परिजन बाड़ी अस्पताल पहुंचे, जहां से उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया है। मारपीट में घायल हुए युवक अजय के परिजनों ने बताया कि रघुवर और प्रकाश सहित करीब आधा दर्जन लोगों ने उसकी दुकान पर पहुंचकर बेरहमी से मारपीट कर दी। मारपीट में घायल हुए युवक का जिला अस्पताल में इलाज किया जा रहा है।

# पुलिस ने पशुओं को मुक्त कराया, एक व्यक्ति को किया गिरफ्तार

धौलपुर ● खबरों की दुनिया

सागर पाड़ा चौकी पुलिस ने नाकाबंदी के दौरान पशुओं से भरे एक ट्रक को पकड़ लिया जिसमे पशु ठूंस-ठूंस कर भरे हुए थे। पुलिस ने एक पशु तस्कर को गिरफ्तार किया। मामले को लेकर कोतवाली थाना प्रभारी प्रमेन्द्र रावत ने बताया कि सागर पाड़ा चौकी प्रभारी जलबीर सिंह द्वारा मध्य प्रदेश बॉर्डर पर नाकाबंदी कराई जा रही थी। इसी दौरान पुलिस को सूचना मिली कि एक ट्रक में पशुओं को अवैध रूप से उत्तर प्रदेश के कट्टी घर ले जाया जा रहा है। मुखबिर से मिली सूचना के बाद पुलिस में मध्य प्रदेश की ओर से आ रहे ट्रक को रोककर उसकी तलाशी ली तो उसमें 34 पशु ठूंस-ठूंस कर भरे हुए मिले, जिन्हें पुलिस ने मौके पर ही मुक्त कर लिया। पुलिस ने एक आरोपी आसीम बैग पुत्र आसिफ बैग निवासी मुरैना मध्य प्रदेश को गिरफ्तार कर लिया। जिसने पूछताछ में बताया कि वह ट्रक को लेकर मध्य प्रदेश से उत्तर प्रदेश के कट्टी घर की ओर जा रहा था।

# अहिंसा परमो :धर्म के प्रणेता भगवान महावीर स्वामी की जयंती मनाई

देवली ● खबरों की दुनिया



अहिंसा परमोःधर्म के प्रणेता भगवान महावीर स्वामी की जयंती सकल जैन समाज द्वारा धूमधाम से मनाई गई।

इस मौके पर शहर में वाहन रैली तथा प्रभातफेरी निकालकर भगवान महावीर के संदेश प्रसारित किए गए। इससे पहले सुबह 5:30 बजे समाज के लोग मंदिरों में एकत्रित हुए तथा भगवान महावीर स्वामी के सिद्धांत व संदेश प्रसारित करते हुए गलियों से निकले।

सुबह शहर के पटेल नगर स्थित पार्श्वनाथ मंदिर परिसर से समाज के युवाओं ने वाहन रैली निकाली। यह वाहन रैली पेट्रोल पंप चौराहा,आदिनाथ मंदिर,ज्योति कॉलोनी,नगर पालिका,मुख्य बाजार,ममता सर्कल,महावीर जैन मंदिर,शांतिनाथ मंदिर होते हुए पुनः पटेल नगर पहुंची। कई जगह पर वाहन रैली पर लोगों ने पुष्प बरसाए।

नगर पालिका के बाहर पार्षदों व लोगों ने वाहन रैली पर पुष्प बरसाए।

इस मौके पर दिगंबर जैन मंदिर में सुबह भगवान आदिनाथ का अभिषेक,भगवान व मूल नायक महावीर स्वामी का अभिषेक,शाम पौने 4 बजे शोभायात्रा,शाम 5 बजे चंद्र प्रभु मंदिर पर कलश अभिषेक,तथा शास सवा 5 बजे श्री महावीर दिगंबर मंदिर में कलश अभिषेक का कार्यक्रम हुआ। वहीं शाम को समाज की सामूहिक प्रसादी भी हुई।

इस मौके पर रात 8 बजे से त्रिशला महिला मंडल की ओर से सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जा रहे हैं। इसी तरह शहर के अन्य जैन मंदिरों में भी धार्मिक कार्यक्रम हुये।

इधर देवली के श्रीवर्धमान स्थानकवासी में भी भगवान महावीर का जन्म कल्याणक मनाया गया। साथ ही समाज की प्रतिभाओं को पारितोषिक सौंपे।

# जन सेवा समिति की नवीन कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित



देवली ● खबरों की दुनिया

देवली में समाज सेवा का पर्याय बनी जन सेवा समिति की नवीन कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित हुआ। प्रवक्ता अजय आर्य ने बताया कि कार्यकारिणी में संरक्षक कृष्ण गोपाल मंगल, निरंजन लाल टेलर, नवल मंगल, कानसिंह राणावत, घीसालाल टेलर, चंद्रप्रकाश माहेश्वरी, राजेंद्र जिंदल, महावीर कुमार जैन, नरेंद्र कुमार सिंहल, उपाध्यक्ष प्रह्लाद शर्मा, प्रबन्धक घीसालाल टेलर, उपप्रबन्धक सत्यनारायण गोयल, महामंत्री महावीर कुमार जैन, मंत्री दिनेश गोयल, कोषाध्यक्ष राजेंद्र जिंदल, सहकोषाध्यक्ष श्यामलाल पारीक, प्रचार प्रसार मंत्री भँवरलाल नायक, प्रवक्ता अजय आर्य को मनोनित किया है। समिति में कार्यकारिणी सदस्य के रूप में राजेंद्र शर्मा, अशोक विजय, संजय सिंहल, कन्हैया लाल लुनीवाल, सुरेंद्र सिंह शक्तावत, रमेश त्रिपाठी, महेश दाधीच, नाथूलाल वैष्णव, शिवजीराम प्रतिहार, लक्ष्मीनारायण परिहार, नवल जाँगिड, सुरेंद्रसिंह नरुकाए गफूर ख़ान, नवल मालपानी, यशवंत नागर, बाबूलाल जैन, कृष्णगोपाल शमा, भँवरलाल शमा, पारसचंद जैन, राज कुमार कोठारी को शामिल किया है। समारोह में कार्यकारिणी के समस्त पदाधिकारीयों को शपथ ग्रहण करवाई गई। इस मौके पर नवनिर्वाचित अध्यक्ष नवल मंगल ने कहा कि सभी पदाधिकारी एवं सदस्यों की प्रेरणा से समिति द्वारा और नए प्रकल्प तैयार कर जन सेवा के कार्य किए जाएंगे। समिति सदस्यों ने अपने सुझाव दिये, जिन्हें इस कार्यकाल में पूरे किए जाएँगे।

# हनुमान नगर पुलिस ने अवैध हथकढ शराब की भट्टियां तोड़ वाश शराब नष्ट की



देवली ● खबरों की दुनिया

लोकसभा चुनाव के मध्य नजर हनुमान नगर पुलिस ने क्षेत्र के इटुंदा में दबिश देकर अवैध हथकढ शराब बनाने की भट्टियां तोड़ते हुए शराब वाश को नष्ट किया है।

थाना प्रभारी अयूब खां ने बताया कि थाना स्तर पर गठित पुलिस टीम में शामिल सहायक उप निरीक्षक दुर्गा लाल, पुलिसकर्मी तेजपाल, मनीष, मुकेश, हरि प्रकाश व टीकमचंद ने उनके नेतृत्व में इटुंदा गांव में सर्च अभियान चलाकर तीन स्थानों पर हथकड़ शराब बनाने के लिए प्रयोग की जाने वाली करीब 500 लीटर वॉश नष्ट की तथा भट्टियां तोड़ी।

ताकि हथकड़ शराब बनाने वाले लोगों की कमर टूट सके। गौरतलब है कि हनुमान नगर थाना क्षेत्र के इटुंदा व देवली थाना क्षेत्र में नासिरदा की कुछ कच्ची बस्तियां तथा दूनी थाना क्षेत्र के राजमहल में कुछ लोग अवैध हथकड़ शराब बनाने के कार्य में लगे रहते हैं।

# पृथ्वी दिवस पर पेड़ पौधों का रखरखाव व परिंडे बांधकर पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प



देवली ● खबरों की दुनिया

देवली उपखंड की राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय ज्योतिपुरा में पृथ्वी दिवस के उपलक्ष में राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड के स्काउट गाइड ने पेड़ पौधों का रखरखाव कर पक्षियों के लिए परिंडे बांधकर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। स्काउटर वरिष्ठ अध्यापक अनिल गौतम ने बताया कि इस अवसर पर स्काउट गाइड द्वारा पर्यावरण सेवा कार्य किया गया। संस्था प्रधान राजेश कुमार देवतवाल ने सभी स्काउट गाइड व विद्यार्थियों को आजीवन पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई। इस अवसर पर वरिष्ठ अध्यापक बनवारी लाल, प्रधान लाल मीणा, शालिनी रघुवंशी, राम प्रकाश खटीक, किशन लाल मीणा सहित स्काउट गाइड उपस्थित रहे।

# गंदे पानी की समस्या से त्रस्त लोगों ने मतदान बहिष्कार का लिया निर्णय

देवली ● खबरों की दुनिया



देवली शहर के वार्ड नंबर 4 कीर मोहल्ले के निवासियों ने गंदे पानी की समस्या से त्रस्त होकर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को मेल भेज कर अपनी पीड़ा जाहिर करते हुए मतदान बहिष्कार की चेतावनी दी है।

ज्ञापन में बताया कि वार्ड नं 4 में विगत 7.8 माह से नलों में सप्लाई में गंदा, मटमैला व बदबूदार पानी आ रह है। इसके चलते लोगों को पेयजल के लिए तरसना पड़ रहा है।

साथ ही बदबूदार पानी से लोगों का स्वास्थ्य खराब हो रहा है। इस मामले में अब तक तीन बार 181 हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज कराई जा चुकी है, लेकिन समस्या निस्तारण किए बगैर ही शिकायत बंद कर दी गई। लिहाजा कीर मोहल्ला के लोग उक्त समस्या से तंग आ चुके हैं। इसे लेकर उन्होंने निर्णय किया कि आगामी 26 अप्रैल को होने वाले लोकसभा चुनाव के मतदान का बहिष्कार रखेंगे तथा कोई भी व्यक्ति मतदान नहीं करेगा।

खबरों की दुनिया

एक नजर

## अलग-अलग स्थान पर अज्ञात कारणों से लगी आग

### –दमकाल कर्मियों को करनी पड़ी मशक्कत



खबरों की दुनिया

**रावतभाटा।** उपखंड क्षेत्र में सोमवार को अज्ञात कारणों के चलते अलग-अलग स्थान पर आग लगी। आग लगने की सूचना पर पालिका दमकल कर्मी दौड़ते मशक्कत करते नजर आए।

फायर अधिकारी राजेश जयपाल में बताया कि फॉरेस्टर विक्रम सिंह कसाना की सूचना पर ग्राम पंचायत मंडेसरा के गांव फुटपाल में वन क्षेत्र के आसपास खेतों में अचानक आग लग गई। दमकल कर्मी मौके पर पहुंचे और आग बुझाने शुरू किया। लगभग 20 हैक्टयर में सुख चार पत्ते होने से आग फैलने लगी, जिस पर तुरंत काबू पाया गया। वही कुंडाल क्षेत्र के मालपुरा गांव में एक खेत में अज्ञात कारणों से आग लगी। जिसे दमकल कर्मियों ने बुझाई। आग बुझाने में अमित भाटी, हरिशंकर, साहिल, कमलेश, चुन्नी सिंह, यशपाल सिंह सहित वन विभाग के कर्मचारी ग्रामीणों ने सहयोग किया।

## तेज रफ्तार बाइक ने मारी टक्कर घायल कोटा रैफर

खबरों की दुनिया

**रावतभाटा।** शहर के चारभुजा क्षेत्र में सोमवार दोपहर एक तेज रफ्तार बाइक सवार ने पैदल जा रहे व्यक्ति को जोरदार टक्कर मारी। दुर्घटना के बाद बाइक सवार मौके से रफू चक्कर हो गया। जानकारी के अनुसार चारभुजा की ओर से आ रहे बाइक सवार ने गोविंद सिंह को टक्कर मार कर घायल कर दिया। राहगीरो की मदद से घायल को ट्रॉमा सेंटर लाया गया। जहां उसका प्राथमिक उपचार कर कोटा रैफर किया। घटना की जानकारी लगते ही पार्षद कय्यूम अब्बासी वंदना शर्मा मन्नू खां अस्पताल पहुंचे और घायल को कोटा भेजने में मदद की। घायल की आर्थिक स्थिति खराब होने के चलते परिजनों को सहायता राशि दी गई।

## गांव निठार में इंडेन गैस एजेंसी के गोदाम में अज्ञात कारणों से लगी आग, गार्ड झुलसा

### –मौके पर पहुंची दमकल ने आग पर पाया काबू



खबरों की दुनिया

**भुसावर।** गांव निठार में स्थित इंडेन गैस एजेंसी के गोदाम के पास बने एक कमरे में अज्ञात कारणों के चलते अचानक आग लग गई। जहां चपेट में आने से गार्ड झुलस गया। आग पर भुसावर दमकल ने काबू पाया। दमकलकर्मी नवल हरसाना ने बताया कि गांव निठार की इंडेन गैस एजेंसी के एक कमरे में अज्ञात कारणों के चलते आग लगने की सूचना भुसावर थाना पुलिस से प्राप्त हुई। जिस पर तुरंत दमकल कर्मी ब्रह्मानंद शर्मा, दशरथ गुर्जर एवं भजनलाल दमकल लेकर मौके पर पहुँचे और आग पर काबू पाया। वहीं आगजनी की घटना में कमरे में सो रहा गार्ड प्रहलाद चपेट में आने से झुलस गया जिसे उपस्थित लोगों ने उपचार हेतु भरतपुर भर्ती कराया। वहीं घटना की सूचना मिलते ही थानाधिकारी सुनील कुमार गुप्ता मय जाप्ता मौके पर पहुंचे और घटना को लेकर जानकारी ली। आगजनी में रूम में रखे सैकड़ों गैस चूल्हे, नली, रेगुलेटर, रिकॉर्ड और एक इनवेटर जलकर खाक हो गया।

# पर्यवेक्षक व्यय पर्यवेक्षक ने लिया चुनाव की तैयारियों का जायजा

### –चेक पोस्ट का किया निरीक्षण दिए आवश्यक निर्देश

खबरों की दुनिया



**रावतभाटा।** लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में चित्तौड़गढ़ लोकसभा क्षेत्र में 26 अप्रैल को मतदान होना है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा चित्तौड़गढ़ लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में नियुक्त सामान्य पर्यवेक्षक त्रिलोचन मांझी, व्यय पर्यवेक्षक निलय बुनकर सोमवार को एक दिवसीय दौरे पर रावतभाटा क्षेत्र में रहे। मांझी ने टाकरदा मोड की अंतर राज्य सीमा पर स्थापित एसएसटी एवं पुलिस चेक पोस्ट का निरीक्षण किया। ग्रामीण व शहरी क्षेत्र के मतदान केन्द्रो का निरीक्षण किया। मतदान केन्द्रो पर सुविधाओं की जांच की, जिसमें महिला पुरुष के लिए अलग-अलग प्रसाधन, मतदाताओं के लिए छाया पानी कुर्सी की व्यवस्था के साथ रेम्प की सुविधा को सुव्यवस्थित करने के निर्देश दिए।

**उपखंड कार्यालय में बैठक हुई आयोजित :** सोमवार को लोकसभा चुनाव की व्यवस्थाओं का जायजा लेने के लिए आए पर्यवेक्षक त्रिलोचन मांझी, व्यय पर्यवेक्षक निलय बुनकर ने व्यवस्थाओं का जायजा लेने के बाद उपखंड कार्यालय में अधिकारियों कर्मचारियों की बैठक ली। बैठक में मतदान दलों के आगमन मतदान प्रारंभ करने से मतदान समाप्ति उपरांत उनके प्रस्थान तक की समस्त तैयारीयो का जायजा लेकर उपखंड अधिकारी महेश गगोरिया को आवश्यक निर्देश दिए। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भगवत सिंह हिंगड़ से कानून व्यवस्था के संबंध में विस्तार से चर्चा की , जिसमें संवेदनशील बूथ पर पर्याप्त पुलिस बल वेब कास्टिंग करवाने सहित आवश्यक निर्देश दिए। साथ ही एफ़एसटी आदि के मार्फत धन बल पर लगाम के साथ मादक पदार्थ एवं धन के आवागमन को रोकने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान पुलिस उपाधीक्षक प्रभु लाल कुमावत तहसीलदार विवेक गरासिया थाना अधिकारी रायसल सिंह लाइनिंग अधिकारी भूपेंद्र सोनी बलवंत सिंह सहित अधिकारी मौजूद रहे।

## मदरसा बोर्ड चेयरमैन ने संभाला पदभार मनाई खुशी



खबरों की दुनिया

**रावतभाटा।** विगत दिनों राजस्थान सरकार द्वारा मदरसा बोर्ड चेयरमैन एमडी चौपदार को अध्यक्ष पद से हटाने के आदेश के विरुद्ध राजस्थान हाई कोर्ट द्वारा दिए गए स्थगन आदेश के बाद चौपदार ने सोमवार को दोबारा कार्य भार संभाला। जिस पर चित्तौड़गढ़ जिले के मदरसा बोर्ड पदाधिकारी ने खुशी जाहिर की। राजस्थान मदरसा बोर्ड चित्तौड़गढ़ जिला चेयरमैन आबिद हुसैन ने बताया कि दोबारा पदभार संभालने के साथ एक बार फिर से राजस्थान मदरसा बोर्ड के माध्यम से राज्य के समस्त मदरसो की उन्नति, इनमें पढ़ने वाले विद्यार्थियों को उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा मिले इसके लिए प्रयास किए जाएंगे।

## गर्मी में अंजुमन ने लगाई प्याऊ



खबरों की दुनिया

**रावतभाटा।** भीषण गर्मी में राहगीरों के लिए जामा मस्जिद के सामने पानी की प्याऊ का शुभारम्भ अंजुमन सदर हाजी मजहर भाटी, सेकेट्री मोहम्मद हुसैन दादा ने किया। इस अवसर पर अंजुमन कमेटी के इम्तियाज़ हुसैन, अज्जू खान, हनीफ मंसूरी, नियाज मोहम्मद, हाजी रफीक मोहम्मद, हैदर अली, जाहिद अली, फैयाज खान, सत्तार मंसूरी, लतीफ अंसारी, फईम, इस्तियाक हुसैन, गुड्डू , जाकिर हुसैन मौजूद रहे।

## मैं वोट करूंगी तो आगे बढ़ूंगी थीम पर बनाई रंगोली



### –मार्च निकाला मानव श्रृंखला बनाकर दिलवाई शपथ

खबरों की दुनिया

**रावतभाटा।** लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में चित्तौड़गढ़ लोकसभा क्षेत्र में आगामी 26 अप्रैल को मतदान होना है। मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए स्वीप गतिविधियों के अंतर्गत सोमवार को विकास अधिकारी विवेक गरासिया के निर्देशानुसार सतरंगी सप्ताह के अंतर्गत ऑरेंज कलर में मे वोट करूंगी तो आगे बढ़ूंगी महिला मार्च की थीम पर हनुमान मंदिर परिसर में प्रेरणादायक रंगोली बनाई। सहायक विकास अधिकारी लोकेश जैन ने बताया कि कार्यक्रम में सभी विभागों की महिला कार्मिकों ने भाग लिया। महिला मार्च को प्रधानाचार्या सलमा सैयद ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। महिला मार्च हनुमान मंदिर से शुरू होकर मुख्य मार्गो से होते हुए गांधी चौक में संपन्न हुआ। जहां स्वीप कोऑर्डिनेटर ज्योति पवार ग्राम विकास अधिकारी दीपिका मीना एलएस मुक्तेश वैष्णव ने मानव श्रृंखला बनाकर ग्रामीण एवं महिला कार्मिकों को मतदान करने की शपथ ग्रहण करवाई। कार्यक्रम में सभी महिलाएं ऑरेंज कलर के परिधान में भाग लेने पहुंची।

## चलती बस में टायर निकल भागा मची अफरा तफरी, बड़ा हादसा टला

### –रावतभाटा- गांधी सागर मार्ग की घटना





खबरों की दुनिया

**रावतभाटा।** मध्य प्रदेश के नीमच से चलकर रावतभाटा होते हुए कोटा जाने वाली एक निजी बस का सोमवार देर शाम रावतभाटा मार्ग पर गांधी सागर के करीब अचानक टायर निकाल कर अलग हो गया। चलती बस में हुई घटना से बस में सवार चार दर्जन यात्री सक्ते में आ गए। चालक ने सूझबूझ दिखाते हुए बस पर नियंत्रण किया और बड़ा हादसा टल गया। बस में सवार यात्रियों ने बताया कि गांधी सागर के नजदीक राउडी कुड़ी गांव के पास प्रथम चौकी के सामने ब्रेकर कूदते समय अचानक बस का टायर निकल कर अलग हो गया। चालक ने बिना घबराए बस को नियंत्रित किया। जिससे कोई हादसा नहीं हुआ, ना ही बस में सवार किसी यात्री को चोट आई।

## श्रद्धालय पब्लिक स्कूल में मनाया पृथ्वी दिवस



खबरों की दुनिया

**रावतभाटा।** शहर के श्रद्धालय पब्लिक स्कूल में सोमवार को पृथ्वी दिवस मनाया गया। इस उपलक्ष में स्कूल में विभिन्न प्रकार के पौधे लगाए गए। संस्था के चेयरमैन ए जी मिर्जा ने बताया की पृथ्वी सिर्फ मनुष्यों का ही नहीं, बल्कि करोड़ों जीव जंतुओं और वनस्पतियों का भी घर है। लेकिन इंसान अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए पृथ्वी को कई तरह के नुकसान पहुंचा रहा है। जिसके चलते कई आपदाओं का सामना करना पड़ रहा है। संस्था के निदेशक डॉ अजहर मिर्जा डॉ मजहर मिर्जा ने बताया की पृथ्वी के संरक्षण और पर्यावरण को लेकर लोगों के बीच जागरूकता पैदा करना अति आवश्यक है। विश्व में अंधाधुन पेड़-पौधे की कटाई हो रही है ऐसे में विश्व पृथ्वी दिवस के जरिए लोगों को ज्यादा से ज्यादा पेड़ पौधा लगाने के लिए प्रेरित किया जाता है। इसको मनाने का उद्देश्य लोगों को पृथ्वी के महत्व को बताना और पर्यावरण को बेहतर बनाए रखने के लिए जागरूक करना है।

## चलती बाइक अचानक धधक उठी बाइक सवार झुलसा

### –पेट्रोल पंप से कैश जमा करवाने जा रहा था बैंक

### –8.5 लाख नगद हुए खाक

खबरों की दुनिया

**रावतभाटा।** कोटा मार्ग स्थित पेट्रोल पंप से चारभुजा बैंक ऑफ बड़ोदा में केश जमा करवाने जा रहे कर्मचारी की बाइक में अचानक आग लग गई। घटना में कर्मचारी का पैर झुलस गया। साथ ही बेग में रखे 8.5 लाख रु जलकर खाक हो गए। अचानक चलती बाईक में आग लगने से आसपास के दुकानदार सन्न रह गए।





दुकानदारो ने पेट्रोल पम्प कर्मी को अस्पताल पहुंचाया और मोटरसाइकिल में लगी आग को बुझाया। कर्मचारी का अस्पताल में उपचार जारी है। पेट्रोलपंप कर्मी मोनू मीणा ने बताया कि वह नीचे बाजार स्थित पेट्रोलपंप से 8 लाख 85 हजार रु की नकदी चारभुजा बैंक ऑफ़ बड़ौदा में जमा करवाने जा रहा था। अचानक एनटीसी चौराहे पर बाइक से धुंआ निकलने लगा। चारभुजा घाटी पर बाइक रोकने से पहले ही वह धधक उठी जिसकी चपेट में मोनू भी आ गया और झुलस गया। प्रत्यदर्शी सुभाष साहू ने बताया कि एक बाईक सवार व्यक्ति के कपड़ों और मोटरसाइकिल में आग लग गई। जिस पर वह और अन्य दुकानदार दौड़े और पानी डालकर आग बुझाई।

## भुसावर एवं वैर शहर में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा कई दुकानों से नमूने लेकर जांच के लिए लैब भेजे



खबरों की दुनिया

**भुसावर।** शुद्ध आहार मिलावट पर बार अभियान के तहत भुसावर एवं वैर शहर में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा कई दुकानों से नमूने लेकर जांच के लिए लैब भेजे।

खाद्य सुरक्षा अधिकारी महेश कुमार शर्मा व रूपसिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण राजस्थान आयुक्त के आदेशानुसार शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान के तहत जिला कलेक्टर एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी भरतपुर के निर्देश पर वैर व भुसावर शहर में अभियान चलाकर खाद्य पदार्थो की दुकानों एवं प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर तेल, अचार व मिठाई आदि खाद्य पदार्थो के नमूनें संगृहीत कर खाद्य प्रयोगशाला भिजवाये गये।

मौके पर ही खाद्य कारोबारियों को शुद्ध एवं गुणवत्ता युक्त मिठाईयां बेचने व साफ-सफाई का समुचित ध्यान रखने के संबंध में निर्देशित किया गया और आगे भी मिलावट की रोकथाम के लिए कार्यवाही जारी रहने की बात कही गई।

# पीड़ित परिवार की कष्ट की घड़ी में मदद करना नेक कार्य : दारिकाप्रसाद गोयल

### –छौंकरवाडा में अग्नि पीड़ित परिवार को दी आर्थिक मदद

### –समृद्ध भारत अभियान बनी मददगार

खबरों की दुनिया



**भरतपुर।** समृद्ध भारत अभियान के निदेशक सीताराम गुप्ता के द्वारा सोमवार को उपखण्ड भुसावर के गांव छौंकरवाडा कलां में अग्नि पीडित बलवीर सिंह जोगी को तत्कालीन आर्थिक सहायता के रूप में नगद राशि उपलब्ध कराई गई,जो सहायता राशि पूर्व जिला प्रमुख द्वारिकाप्रसाद गोयल एवं समृद्ध भारत अभियान के प्रदेश प्रभारी पुनीत गुप्ता ने दी। आर्थिक मदद प्राप्ति पर पीडित परिवार एवं गांव के अनेक लोगों ने निदेशक गुप्ता व उनकी टीम की सराहना कर मदद को नेक कार्य बताया। पूर्व जिला प्रमुख द्वारिकाप्रसाद गोयल ने कहा कि पीडित परिवार व व्यक्ति की कष्ट के समय मदद करना और उनके दु:ख-सुख में साथ देना ही मानव जीवन का सबसे बडा नेक कार्य है। निदेशक सीताराम गुप्ता एवं उनकी टीम प्रभारी पुनीत गुप्ता ने कष्ट की घडी में आर्थिक मदद प्रदान कर नेक कार्य किया। समृद्ध भारत अभियान के प्रदेश प्रभारी पुनीत गुप्ता ने बताया कि 21 अप्रेल को गांव छौंकरवाडा कलां निवासी बलवीर सिंह जोगी पुत्र सियाराम जोगी के छप्परपोशनुमा घर में आगजनी हो गई,जिसका घरेलू सामान, बिस्तर, कपडा, अनाज, भूसा, बाइक आदि जल कर स्वाहा हो गया और एक भैंस व एक पाड़ा झुलस गए। पूर्व जिला प्रमुख गोयल ने दूरभाष पर निदेशक गुप्ता से पीडित परिवार की हालत से अवगत कराते हुए मदद करने का आग्रह किया,जिन्होने पीडित परिवार की तत्कालीन मदद करते नगद 5100 रूपए की राशि स्वीकृत की। जिस राशि का उनके गांव पहुंच कर दिया गया। पीडित परिवार बलवीर सिंह जोगी आर्थिक मदद प्राप्ति पर मददगार निदेशक सीताराम गुप्ता,पुनीत गुप्ता एवं मदद दिलाने वाले पूर्व जिला प्रमुख द्वारिकाप्रसाद गोयल आदि की सराहना की। इस अवसर पर जिला प्रभारी नरेन्द्र गुप्ता,पूर्व सरपचं नेमी सिंह चैधरी,सत्येन्द्र चैधरी,विष्णु मित्तल,प्रभातरंजन बिजवारी आदि मौजूद रहे।

**खुशी के झलक आए आसूं :** पीड़ित परिवार के मुखिया बलवीर सिंह जोगी का 21 अप्रेल को अग्निकाण्ड में सब कुछ जल कर राख हो गया और उसकी मवेशियां भी झुलस गई। पूर्व जिला प्रमुख द्वारिकाप्रसाद गोयल के प्रयास पर समृद्ध भारत अभियान के निदेशक सीताराम गुप्ता व उनकी टीम के प्रभारी पुनीत गुप्ता मददगार बने,जिन्होने 22 अप्रेल को गांव में आ कर सहायता के रूप में आर्थिक मदद दी। मदद प्राप्ति पर पीडित बलवीर सिंह जोगी एवं उसके परिवार के सदस्यों की आंख से आसूं झलक आए और मदद कराने वाले पूर्व जिला प्रमुख दारिकाप्रसाद गोयल एव मदद करने वाले निदेशक सीताराम गुप्ता व पुनीत गुप्ता आदि की सराहना की।

## जगन्नाथ पहाड़िया राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय व कृषि महाविद्यालय में पृथ्वी दिवस मनाया



खबरों की दुनिया

**भुसावर।** कस्बा भुसावर के राजकीय जगन्नाथ पहाडिया राजकीय विद्यालय में प्रतियोगिता का आयोजन हुआ तो राजकीय कृषि महाविद्यालय में संगोष्ठी आयोजित की गई। संस्था प्रधान रामफल मीणा ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला कलक्टर के आदेशानुसार स्थानीय विद्यालय में पृथ्वी दिवस मनाया गया। जहां कई प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। मीणा ने बताया कि निबन्ध लेखन में अंजलि ने प्रथम, मिली महावर ने द्वितीय तथा सोनम सैनी एवं अंजली ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता में मयंक चौबे प्रथम, सचिन गुर्जर एवं रोहित सैनी ने द्वितीय और डोली शर्मा और कोमल सिंघल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सभी विजेताओं को उपहार देकर सम्मानित करते हुए उनका हौंसला बढाया गया। वहीं दूसरी ओर कस्बा भुसावर में संचालित राजकीय कृषि महाविद्यालय के डीन उदयभान सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि पृथ्वी दिवस पर गोष्ठी का आयोजन किया गया। जहां कुलपति प्रोफेसर बलराज सिंह ने ऑनलाईन बच्चों को संबोधित किया। उन्होने कहा कि जल, थल, वायु और जीव जन्तुओं के मेल से सम्पूर्ण पृथ्वी बनी है। पृथ्वी दिवस पर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय उप सेवा केंद्र प्रभारी ब्र.कु.गीता बहन, संस्कृति बहन एवं गांधी ज्योति महिला महा विद्यालय के संचालक भ्रा.राजेंद्र पाण्डेय द्वारा वृक्षा रोपण किया गया।

खबरों की दुनिया
एक नजर

## डॉ. नकुल गुप्ता दुबई में अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित



खबरों की दुनिया

**झुंझुनूं।** झुंझुनूं प्रगति संघ मुंबई द्वारा संचालित आदर्श बाल निकेतन स्कूल के पूर्व छात्र डॉ. नकुल गुप्ता गाड़िया दुबई में अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित हुए। डॉ. नकुल आदर्श बाल निकेतन स्कूल के आजीवन कार्यकारिणी सदस्य रहे स्व. गिरधारी लाल गाड़िया द्वारा झुंझुनूं में लालन पालन किया गया। एबीएन स्कूल में ही डॉ. नकुल की प्रारंभिक शिक्षा हुई। शरत चन्द्र गाडिया ने बताया कि होटल क्राउन प्लाजा दुबई में आयोजित समारोह में इनायत ब्लेसिंग फाउंडेशन के सहयोग से योग वेलनेस फ़ॉन्डेशन की ओर से डॉ. नकुल गाडिया को प्रेरक शिक्षाविद् और निदेशक के लिए भारत गौरव पुरस्कार-2024, विशिष्ट वैश्विक नेतृत्व पुरस्कार भारतीय आइकन -2024 एवं प्राइड हेल्थ एंड वेल बीइंग ग्लोबल प्राइवेट लि. की और से आईआईएमटी कॉलेज ऑफ फार्मेसी ग्रेटर नोएडा जहां डॉक्टर नकुल कार्यरत है को फार्मेसी शिक्षा के क्षेत्र में असाधारण कार्य और सर्वोत्तम प्लेसमेंट के लिए सर्वश्रेष्ठ कॉलेज पुरस्कार से सम्मानित किया गया। जिसपर एबीएन स्कूल की कार्यकारिणी व एलुमनी के ताराचंद गुप्ता भौडकीवाला, परमेश्वर हलवाई, श्रवण केजडीवाल, डॉ. डीएन तुलस्यान, सीए पवन केडिया, सीए मनीष मित्तल, प्रमोद खंडेलिया, हरिष तुलस्यान, नीरज शर्मा, कैलाश चंद्र सिंघानिया, केशरदेव तुलस्यान, अमित जगनानी, संजीव मोदी, श्रीकांत पंसारी, अनुप गाडिया, मुकेश गुप्ता, डॉ. अतुल गर्ग, शरत चन्द्र गाडिया, स्कूल प्रधानाचार्य डॉ. अजय कुमार, प्रधानाध्यापिका श्रीमती अनीता मंहमिया ने बधाई दी।

## अखण्ड रामायण पाठ शुरू



खबरों की दुनिया

**बुगाला।** श्री हनुमान जन्मोत्सव पर सुरों का बालाजी मंदिर में भक्तों ने अखण्ड रामायण पाठ शुरू किया। पुजारी हरपाल दास के सानिध्य में पंडित संदीप शर्मा पाठ वाचन कर रहे हैं। जानकारी अनुसार मंगलवार को रामायण पाठ के अंतिम दिन सुबह आरती के बाद बालाजी को भोग लगाया जाएगा। उसके बाद हवन आदि व प्रसाद वितरण होगा।

## शिवा आशीर्वाद आटा मिल्स का शुभारंभ



खबरों की दुनिया

**झुंझुनूं।** रीको में सोमवार को शिवा आशीर्वाद आटा मिल्स का कांग्रेस नेता कुरडाराम ओला ने फीता काटकर शुभारंभ किया।
पांच साल के नक्श ने मशीन का बटन दबाया। फ्लोर मिल्स के संचालक सुशील पायल ने बताया कि मिल्स के माध्यम से उच्च क्वालिटी का शुद्ध व पौष्टिक आटा तैयार किया जाएगा। इसके अलावा मिल्स में जो, बाजरा, अनाज आदि की ग्रेडिंग की जाएगी। इस मौके पर मोहरसिंह हांसलसर, महेश बाबल, आजम भाटी, पूर्व सरपंच रामनिवास गोवला, इन्द्रपाल धनखड़, विनोद पायल, सुमेर कुल्हरि निजामपुरा, रणधीर पायल, शीशराम धींवा चनाना, भगवाना राम मोगा, कर्मवीर मैचु, नगेश जानू, रामनिवास जानू, मुकेश बाबल, योगेन्द्र लोदीपुरा, सुरेन्द्र हांसलसर, पवन गाडिया, ओम पायल, संजय लांबा सुल्ताना, निहालसिंह आदि मौजूद रहे।

# विश्व पृथ्वी दिवस पर हुई विचार गोष्ठी, पौधारोपण किया, विजेता पुरस्कृत

खबरों की दुनिया



**झुंझुनूं।** जिला पर्यावरण सुधार समिति एवं भारत सरकार के पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के सौजन्य व वन विभाग द्वारा विश्व पृथ्वी दिवस पर विचार गोष्ठी एवं पौधारोपण किया गया। गोष्ठी में समिति सचिव राजेश अग्रवाल ने कहा कि प्लास्टिक का उपयोग पूर्णतया बंद हो। कानूनन प्लास्टिक के कैरी बैग्स आदि पर प्रतिबंध भी लगाया गया है। बीड़ के हिरण अभ्यारण क्षेत्र में आयोजित विचार गोष्ठी में अग्रवाल ने कहा कि पौधे लगाने को लेकर आमजन में काफी जागरूकता आई है। इसी जागरूकता से हमारी पृथ्वी हरी भरी रह सकेगी। इस मौके पर मुख्य अतिथि डीएफओ बीएल नेहरा ने भी विचार रखे। उन्होंने कहा कि समस्त ब्रह्मांड में मात्र पृथ्वी एक ऐसा ग्रह है। जिस पर जीव की उत्पत्ति है और जीव विराजमान है। वर्तमान परिदृश्य में संपूर्ण संसार में प्लास्टिक पृथ्वी के लिए एक बहुत बड़ा खतरा है। इसलिए हमें सभी को मिलकर पृथ्वी को प्लास्टिक मुक्त करना है। कार्यक्रम में सहायक उप वन संरक्षक संजय कुमार, कमलचंद, श्रवण झाझड़िया व क्षेत्रीय वन अधिकारी अमित सैनी आदि ने विचार रखे। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री राणी सती जी बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय की प्रिंसिपल मधु शर्मा ने की। इस अवसर पर अतिथियों और बच्चों द्वारा पौधारोपण किया गया। इससे पहले सभी विद्यार्थियों ने हिरण सफारी की और हिरण की अटखेलियां देखी।
कार्यक्रम में चित्रकला, गायन और नारा लेखन प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व तृतीय रही छात्राओं को प्रतीक चिह्न और प्रशस्ति पत्र देकर पुरस्कृत किया गया। शक्ति सदन की केंद्र अधीक्षक भंवरी देवी ने बताया कि चित्रकला में नमश्विनी जोशी, खुशी नायक व कनक हिसारिया, नारा लेखन में कोमल सैनी, भाविका टेलर, अर्पिता मारवाल तथा गीत गायन में अवनी पांडे, उजमा बानो व खुशी सैनी ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया।
इस मौके पर पर्यावरण सुधार समिति की लेखाकार सोनम सैनी, कोषाध्यक्ष अभिषेक मुरारका आदि मौजूद थे।

## मंडावा मोड़ के मान सिटी सेंटर में लगी आग



खबरों की दुनिया

**झुंझुनूं।** जिला मुख्यालय के व्यस्ततम बाजार मंडावा मोड पर सोमवार को मान सिटी सेंटर में आग लग गई। आग लगने से कोई जान माल का तो नुकसान तो नहीं हुआ। लेकिन सेंटर की एक मंजिल का काफी हिस्सा आग की भेंट चढ़ गया। बहु मंजिला इमारत होने के कारण तत्काल आग पर काबू पाने के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ी। आग की आहट को देखते ही मौके पर उपस्थित लोगों ने पुलिस और अग्निशमन के दस्ते को सूचना दी। जिस पर अग्निशमन की गाड़ियों ने एक-एक करके कई चक्कर लगाए तब जाकर आग पर काबू पाया जा सका। इस दौरान इकट्ठी हुई भीड़ को पुलिस द्वारा नियंत्रित किया गया। इस दौरान मौके पर पुलिस के आलाधिकारी व प्रशासनिक अधिकारी भी पहुंचे।

## डॉ. रवि शंकर शर्मा एज्यू आइकॉन अवार्ड-2024 से सम्मानित

खबरों की दुनिया



**झुंझुनूं।** झुंझुनूं एकेडमी के प्राचार्य डॉ. रवि शंकर शर्मा गुरुग्राम स्थित होटल लीला एम्बियंस में एज्यु आइकॉन अवार्ड-2024 से सम्मानित हुए।
सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि डॉ. दीपक बोहरा पूर्व डिप्लोमेट एवं वर्तमान में पीएम सलाहकार, डॉ. प्रमोद शर्मा- डायरेक्टर जीनेसस ग्लोबल स्कूल नोएडा, पंकज शर्मा एवं सन्नी लालवानी ग्लोबल स्कूल लीडर कॉन्सोटोरियम थे। स्कूल निदेशक आकाश मोदी ने बताया कि शिक्षा क्षेत्र में नित नए नवाचार, बेहतरीन बोर्ड परीक्षा परिणाम, इंफ्रास्ट्रक्चर, कुशल नेतृत्व क्षमता, आधुनिक पारम्परिक शिक्षा एवं जीवन मूल्यों का नवीन शिक्षा पद्वति में समावेश करने, हमेशा नवाचारों को शिक्षा में लागू करने एवं समय के साथ उनमे परिवर्तन करने तथा साथ ही शिक्षा में सुधार के लिए निरंतर प्रयास के लिए सम्मानित किया गया है।
यह अवार्ड झुंझुनूं एकेडमी चेयरमैन डॉ. दिलीप मोदी को भी मिल चुका है। अवार्ड प्राप्त डॉ. शर्मा का स्कूल प्रार्थना सभा में झुंझुनूं एकेडमी चेयरमैन डॉ. दिलीप मोदी, स्कूल डायरेक्टर आकाश मोदी द्वारा अभिनंदन किया एवं बधाई दी। इस अवसर पर मैनेजिंग डायरेक्टर नीरजा मोदी, स्कूल डायरेक्टर गरिमा मोदी, छात्रावास निदेशक कुरड़ाराम धींवा, स्कूल उप प्राचार्या सरोज सिंह, हेडमिस्ट्रेस उमा शर्मा, प्रशासक कमलेश कुलहरि, श्याम सुन्दर शर्मा, रामस्वरूप झाझड़िया, राजेश टेलर, अरविंद शर्मा सहित स्टाफ सदस्यों ने खुशी जाहिर करते हुए डॉ. शर्मा को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

## एशियन क्वान की डो फेडरेशन के प्रेसीडेंट बने जेजेटीयू के प्रेसीडेंट डॉ. डीएस ढुल

खबरों की दुनिया



**झुंझुनूं।** इंटरनेशनल ओलम्पिक कमेटी व तफिशा से सम्बद्ध इंटरनेशनल क्वान की डो फेडरेशन के प्रेसीडेंट कारोल डेरेला की अध्यक्षता में एशियाई फेडरेशन के गठन को लेकर बैठक हुई। जिसमें खेल क्षेत्र, खेल प्रबंधन में प्रख्यात एवं श्री जेजेटी यूनिवर्सिटी झुंझुनूं के प्रेसीडेंट डॉ. डीएस ढुल को सर्वसम्मति से एशियन क्वान की डो फेडरेशन का प्रेसीडेंट चुना गया। डॉ. ढुल ने पूरी प्रतिबद्धता के साथ क्वान की डो खेल को एशियाई महाद्वीप में युवाओं के मध्य लोकप्रिय बनाने की घोषणा की। घोषणा दो दिवसीय इंटरनेशनल कांफ्रेंस के बाद रोहतक में एशियन क्वान की डो फेडरेशन की पहली वार्षिक सामान्य बैठक में हुई। इस बैठक में भारत के अलावा चीन, नेपाल, ओमान, श्रीलंका, भूटान, कतर, दुबई, आबु-धाबी, थाईलैंड, पाकिस्तान व इंडोनेशिया के प्रतिनिधि इस एजीएम में ऑनलाइन माध्यम से शामिल हुए। क्वान की डो खेल को एशिया महाद्वीप में योजनाबद्ध तरीके से विस्तार देने के लिए कार्यकारिणी का गठन किया गया। इस दौरान इंटरनेशनल क्वान की डो फेडरेशन के तकनीकी निदेशक एवं रोमानिया मूल के मास्टर ओवी डू कोवाकी को कार्यकारिणी का चेयरमैन चुना गया। इसी प्रकार सीईओ सतीश ढुल, महासचिव सुमित ढुल, सीनियर वाइस प्रेसीडेंट डॉ. दिनेश कुमार को बनाया गया। नवनियुक्त प्रेजीडेंट डॉ. डीएस ढुल ने कहा कि एशियाई फेडरेशन जल्द ही सभी सम्बद्ध एशियाई देशों में क्वान की डो को बढ़ावा देने के लिए तकनीकी सत्र आयोजित करेगा।

## जुझार सिंह पार्क से परिंडा अभियान शुरू, 11 हजार लगाएंगे परिंडे



खबरों की दुनिया

**झुंझुनूं।** स्काउट गाइड एवं वारिसपुरा संकल्प सेवा संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में विश्व पृथ्वी दिवस पर परिंडा अभियान शुरू किया। सीओ स्काउट महेश कालावत ने बताया कि झुंझुनू के संस्थापक जुझार सिंह पार्क से मूक पक्षियों के लिए परिंडा अभियान शुरू किया गया। इस दौरान जुझारसिंह पार्क, अंबेडकर पार्क, शहीद स्मारक, नेहरू गार्डन, शहीद करणीराम एवं रामदेव पार्क तथा शहीद जेपी जानू पार्क, स्काउट गाइड कार्यालय परिसर में पक्षियों के लिए परिंडे लगाकर आमजन में यह संदेश दिया कि चिलचिलाती गर्मी में मूक पक्षियों के लिए सभी अपने-अपने घरों पर एक-एक परिंडा लगाकर इनका संरक्षण एवं संवर्धन करे। सीओ कालावत ने बताया कि इस अवसर पर वारिसपुरा संकल्प सेवा संस्थान की सचिव बबीता चौधरी के सौजन्य से पक्षियों के लिए परिंडे उपलब्ध करवाए गए। जिले भर में 11000 हजार परिंडे लगाए जाएंगे। इस अभियान में सीओ गाइड सुभिता महला, संस्था प्रधान प्रतिनिधि डॉ. नवीन ढाका, प्रकाश महला, वारिसपुरा सेवा संस्थान की सचिव बबीता चौधरी, वरिष्ठ स्काउट मास्टर ताराचंद यादव, रामदेव सिंह गढ़वाल, मैसेंजर ऑफ पीस के जिला कोऑर्डिनेटर विजय गर्वा, कब मास्टर सुनिल कुमार, रोवर मेट मोहम्मद जाबिर एवं शेर सिंह उपस्थित रहे।

## यूपीएससी में चयनित सारिका चौधरी ने कहा असफलताएं कामयाबी की सीढ़ियां



खबरों की दुनिया

**झुंझुनूं।** बनगोठड़ी हाल पिलानी निवासी सारिका चौधरी का अखिल भारतीय सिविल सर्विसेज परीक्षा में 548वीं रेंक के साथ चयन हुआ। सारिका चौधरी ने स्नातक व स्नातकोत्तर डिग्री दिल्ली यूनिवर्सिटी से प्राप्त की। एमए में दिल्ली यूनिवर्सिटी को टॉप किया। जेएनयू से एमफिल की डिग्री हासिल की। सारिका की माताश्री सुमन चौधरी महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय बनगोठड़ी में प्रधानाचार्य है। पिता मुकेश पंघाल सेवानिवृत तहसीलदार। सारिका ने अपने पांचवे प्रयास में सफलता हासिल करके साबित किया की असफलताएं कामयाबी की मंजिल पर चढ़ने की सीढ़ियां होती हैं। आप छलांग लगाकर सफलता प्राप्त करने के शॉर्टकट ना ढूंढे। सारिका को इस अनुकरणीय सफलता पर सीडीईओ अनुसुइया, डीईओ मनोज ढाका, सीबीईओ महेंद्र जाखड़, सीडीईओ सीकर विनोद जानू, एपीसी समसा कमलेश तेतरवाल, सेवानिवृत डीईओ कुलदीप पुनिया, महेंद्र भालोठिया, डाइट वाइस प्रिंसिपल सुशीला, एसीबीईओ नवीन गढ़वाल, अशोक पुनिया, प्रधानाचार्य उमादत्त झाझड़िया, राजेश मील, राजकुमार बलवदा, सुरेश पायल, राजवंती सरावग, मंजू, प्रतिभा, संजू नेहरा, संतोष सोहु, दुर्गा चौधरी, सुभाष यादव, दीपचंद लाखलान, सुमन भड़िया, सुशीला राव, राजेश रणवा, नरेंद्र जांगिड़, कपिल कुलहरी, विजयलाल, सुनील तिलोटिया, राजपाल गोदारा, महेश कपूरिया, महावीर भीमसर, फारूक अली, लक्ष्मीकांत, सुमन, सुमन पुनिया ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बधाई दी।

## गौरव सेनानी सेवा समिति की बैठक 25 को

खबरों की दुनिया

**झुंझुनूं।** गौरव सेनानी सेवा समिति की एक बड़ी बैठक आगामी 25 अप्रैल 2024 को शहीद स्मारक परिसर में सुबह 10:00 बजे आयोजित की गई है। जिसमें गौरव सेनानी सेवा समिति के सभी पदाधिकारी और तहसीलों के अध्यक्ष व उपाध्यक्ष हिस्सा लेंगे। समिति के राजेश जानू ने बताया कि बैठक में अहम निर्णयो पर विचार विमर्श किया जाएगा।

## हनुमान जयंती पर झांकियां एवं शोभायात्रा आज



खबरों की दुनिया

**उदयपुरवाटी।** ग्राम पंचायत पचलंगी के झड़ायां नगर बालाजी धाम में हनुमान जयंती पर विभिन्न कार्यक्रम होंगे। झड़ायां बालाजी मंदिर सेवा समिति के श्रीश्री 108 महंत सीताराम दास महाराज ने बताया कि मंगलवार को शीतल दास महाराज की शोभा यात्रा ठीकरिया धाम से झड़ाया धाम के लिए प्रातः 7:15 बजे रवाना होगी। इस दौरान अलवर के कलाकारों द्वारा ठीकरिया धाम से शीतल दास महाराज, निर्झर धाम से लक्ष्मण दास महाराज, भगेगा धाम से गोपाल दास महाराज की शोभायात्रा निकालकर जीवंत झांकियां दिखाई जाएगी। प्रातः 9:15 बजे हवन-पूजन के पश्चात प्रसादी का भोग लगाया जाएगा। इसके पश्चात देर शाम तक श्रद्धालु बाबा का प्रसाद ग्रहण करेंगे।

## प्राधिकरण सचिव ने किया देव आश्रय वृद्धाश्रम का निरीक्षण, दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

खबरों की दुनिया



**अलवर।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर के निर्देशानुसार मीना अवस्थी, सचिव (अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश) जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अलवर के द्वारा सोमवार को देव आश्रय वृद्धाश्रम, अलवर एवं इरादा बालगृह अलवर का निरीक्षण किया गया।
सर्वप्रथम मीना अवस्थी ने देव आश्रय वृद्धाश्रम, अलवर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान वृद्धाश्रम में मौके पर 07 वृद्धजन एवं 03 कर्मचारीगण उपस्थित पाए गए।
अवस्थी ने वृद्धाश्रम में निवासरत वृद्धजनों से वार्ता की एवं उन्हें आवश्यक विधिक सलाह प्रदान की। इसके अतिरिक्त श्रीमती अवस्थी द्वारा वृद्धाश्रम में वृद्धजनों को दी जा रही सुविधाओं का जायजा लिया गया एवं मौके पर ही आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। इसके साथ ही वृद्धाश्रम की साफ-सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया गया। इसके अतिरिक्त विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर देव आश्रय वृद्धाश्रम में पौधारोपण किया जाकर उपस्थित वृद्धजनों को विश्व पृथ्वी दिवस के महत्व के बारे में अवगत करवाया गया।
तत्पश्चात् मीना अवस्थी द्वारा इरादा बालगृह, अलवर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान रिकॉर्ड अनुसार मौके पर कुल 24 बालक उपस्थित पाए गए। मौके पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अलवर की सचिव श्रीमती मीना अवस्थी के द्वारा बालकों से वार्ता की गई एवं गृह में निवासरत बालकों को उपलब्ध करवाई जा रही सुविधाओं का जायजा लिया गया। इसके साथ ही निरीक्षण के दौरान गृह के रिकॉर्ड का भी अवलोकन किया गया एवं गृह में साफ-सफाई आदि व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया गया, जिसमें सभी व्यवस्थाऐं ठीक एवं सुचारू पाई गई।

## तिरखा बाबा चेरीटेबल ट्रस्ट व अन्य ट्रस्ट के सहयोग से निशुल्क चिकित्सा शिविर का हुआ आयोजन

खबरों की दुनिया

**भुसावर।** कस्बा भुसावर में तिरखा बाबा चेरीटेवल ट्रस्ट ,भारतीय सेवा समाज एवम डालमिया सेवा ट्रस्ट के संयुक्त तत्वाधान में निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन श्री किरोड़ी लाल मित्तल स्मृति न्यास भवन पर किया गया।
जहां 56 मरीजों के स्वास्थ्य की जांच कर दवाई दी गई। शिविर प्रभारी अरविन्द मित्तल ने बताया कि पिछले कई वर्षों से लगातार लगाए जा रहे शिविर में गठिया, दमा, चर्मरोग, घुटने के दर्द, विशाल दमा, खांसी, बुखार आदि रोगों की जांच कर निशुल्क दवाइयां दी जा रही हैं। सोमवार को लगे शिविर में 56 मरीजों ने जांच करवा कर दवाई प्राप्त की, जिसमे भारत विकास परिषद सदस्य राजेश गोयल,चंद्र प्रकाश आर्य,शेर सिंह सैनी का विशेष योगदान रहा।

## ताकि मच्छरों के लार्वा को नष्ट किया जा सके - डॉ. शर्मा

**—मौसमी बीमारियों एवं मलेरिया केश कार्यक्रम के संबंध में बैठक आयोजित**

खबरों की दुनिया

**अलवर।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. योगेन्द्र कुमार शर्मा की अध्यक्षता में जिले में 14 मई तक आयोजित किए जा रहे मौसमी बीमारियों एवं मलेरिया केश कार्यक्रम के संबंध में सोमवार को चिकित्सा अधिकारियों की बैठक हुई।
सीएमएचओ डॉ. शर्मा ने पीएचसी एवं जनता क्लीनिक के चिकित्सा अधिकारियों से जिले में 14 मई तक आयोजित किए जा रहे मौसमी बीमारियों एवं मलेरिया केश कार्यक्रम तहत की जा रही गतिविधियों का फीडबैक लिया। उन्होंने कहा कि प्रभावित क्षेत्रों में आशा सहयोगिनी, एएनएम एवं सीएचओ की टीम घर-घर सर्वे के दौरान मच्छरों की रोकथाम के लिए एन्टीलार्वल व एन्टी एन्टीएडल्ट तथा सोर्स रिडक्शन व आईईसी गतिविधियां किया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने चिकित्सा अधिकारियों को निर्देश दिये कि जिले के सभी चिकित्सा संस्थानों में प्रत्येक रविवार को सूखा दिवस आयोजित किया आए तथा सर्वे के दौरान चिकित्सा विभाग के कार्मिक आमजन को दैनिक उपयोग में लिए जा रहे कुलर, फ्रिज की ट्रे, कटकों, गमले एवं टायर ट्यूब में भरे हुए पानी को खाली करके सूखाने एवं मच्छर नित रोगों से बचाव के बारे में जानकारी दी जावे। उन्होंने कहा कि पानी भराव क्षेत्र में एएनएम, आशा, सीएचओ द्वारा एमएलओ डाला जाए ताकि मच्छरों के लार्वा को नष्ट किया जा सके।
उन्होंने कहा कि कार्यक्रम के तहत जिले के सभी चिकित्सा संस्थानों पर पर्याप्त संख्या में दवाइयां एवं आवश्यक चिकित्सकीय संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करें। साथ ही इसका विशेष ध्यान रखे कि चिकित्सालय में आने वाले मरीजों को समय पर उपचार मिले इसमें किसी प्रकार की लापरवाही नहीं बरते। उन्होंने कहा कि राजकीय चिकित्सालय में मच्छर जनित बीमारियों हेतु मच्छरदानी बैड आरक्षित करने व वार्ड को म'छर रोधी बनाने हेतु रोगियों का उपचार गाइडलाइन के अनुसार किया जाए। उन्होंने मच्छरों की रोकथाम हेतु बायोलोजिकल कंट्रोल के तहत जल स्रोतों में ग बूशिया मछली डाली जाए तथा फील्ड सर्वे के दौरान पाये गये बुखार के रोगियों की अधिक से अधिक एक्टीव मलेरिया स्लाइड लेने के निर्देश दिये।

खबरों की दुनिया
एक नजर

## बेटे के लिए गहलोत कर रहे डोर-टू-डोर प्रचार

**वैभव का चुनावी घोषणा पत्र देकर लोगों से मांग रहे समर्थन**



खबरों की दुनिया

**जालोर।** जालोर-सिरोही लोकसभा सीट पर बेटे वैभव के प्रचार में पिता अशोक गहलोत ने पूरी ताकत झोंक दी है। पूर्व सीएम गहलोत ने सोमवार को जालोर में आधे घंटे तक डोर-टू-डोर प्रचार किया। इस दौरान उनके हाथ में कांग्रेस प्रत्याशी बेटे वैभव गहलोत का चुनावी घोषणा पत्र तरक्की एक्सप्रेस का पर्चा था। उन्होंने पर्चे वितरित कर बेटे को समर्थन और वोट देने की अपील की। प्रचार के दौरान गहलोत ने टैक्सी में बैठी सवारियों से आने-जाने के किराए की जानकारी भी ली।

लोकसभा चुनाव को लेकर जालोर लोकसभा में भाजपा प्रत्याशी लुंबाराम व कांग्रेस प्रत्याशी वैभव गहलोत चुनावी मैदान में हैं। दोनों के समर्थन में बड़े नेता जालोर सिरोही का रुख कर रहे हैं। पूर्व सीएम सोमवार सुबह 11 बजे वैभव गहलोत का प्रचार करने सड़क पर उतरे। गहलोत ने बागोड़ा रोड पर दुकानों, सब्जी के ठेलों, टैक्सी वालों व राहगीरों को प्रचार का पर्चा थमाया। हालांकि यह प्रचार प्रसार कुछ गिनी-चुनी दुकानों और लोगों तक ही सीमित रहा। वे आधे घंटे तक घूमकर लोगों से मिले। इसके बाद कांग्रेस कार्यालय के लिए निकल गए।

**मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने ओम बिरला के समर्थन में किया रोड शो**

# डबल इंजन की सरकार होने से देश के साथ-साथ राजस्थान का भी विकास होगा : भजनलाल शर्मा

खबरों की दुनिया

**कोटा।** राजस्थान में लोकसभा के दूसरे चरण के चुनाव के लिए सभी पार्टियों का प्रचार जोरों पर हैं। 13 सीटों पर दूसरे चरण के लिए 26 अप्रैल को वोट डाले जाएंगे. कोटा-बूंदी संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी ओम बिरला ने बूंदी में रोड शो किया। रोड शो में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी भी शामिल हुई।

### पूजा-अर्चना के साथ शुरू हुआ रोड शो :

रोड शो से पहले मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी और भाजपा प्रत्याशी ओम बिरला ने भूरा गणेश मंदिर पर गणपति भगवान की पूजा-अर्चना की। पूजा के बाद रोड शो शुरू हुआ, जो अहिंसा सर्किल, इंदिरा मार्केट, नागर सागर कुंड, कोटा रोड, एक खंभे की छतरी, देवली रोड होता हुआ आजाद पार्क स्थित सभा स्थल पर संपन्न हुआ।



### आजाद पार्क में जनसभा को किया संबोधित

रोड शो के बाद एक जनसभा का भी आयोजन किया गया। सभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि अबकी बार 400 पार का नारा पूरा होगा। केंद्र में तीसरी बार नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा की सरकार बनेगी। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार होने से देश के साथ-साथ राजस्थान का भी विकास होगा। प्रधानमंत्री मोदी ने जनता से जो वादे किए थे, उन्होंने पूरे किए हैं। राम मंदिर बनवाया, कश्मीर में धारा 370 हटाई। साथ ही किसानों के लिए विकास की योजना बनाई। महिलाओं के लिए भी केंद्र सरकार ने योजनाएं बनाई, जिससे ग्रामीण सहित शहर की महिलाएं भी लाभान्वित हुई हैं। सीएम ने भाजपा प्रत्याशी ओम बिरला के पक्ष में मतदान करने की अपील की। सभा को उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी और ओम बिरला ने भी संबोधित किया।



### पुष्प वर्षा से हुआ स्वागत

रोड शो के दौरान शहर में सामाजिक संगठनों और भाजपा कार्यकर्ताओं की ओर से स्वागत द्वार लगाकर मुख्यमंत्री, उप मुख्यमंत्री और ओम बिरला का फूल माला पहनाकर स्वागत किया रोड शो के दौरान आतिशबाजी भी की गई। जगह-जगह जेसीबी से पुष्प वर्षा कर रोड शो का स्वागत किया गया। रोड शो में बूंदी विधानसभा क्षेत्र बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और आमजन शामिल हुए।

## अंग प्रत्यारोपण की फर्जी एनओसी के मामले में चिकित्सा विभाग ने एसएमएस मेडिकल कॉलेज के पूर्व प्राचार्य भण्डारी, डॉ. मेहता और अधीक्षक डॉ. शर्मा को नोटिस जारी कर मांगा स्पष्टीकरण

खबरों की दुनिया

**जयपुर।** मानव अंग एवं ऊत्तक प्रत्यारोपण के लिए फर्जी एनओसी जारी होने के मामले में चिकित्सा शिक्षा विभाग एक्शन मोड में है।

अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह प्रकरण में निरंतर गहन मॉनिटरिंग कर रही है।

उनके निर्देशों के बाद चिकित्सा शिक्षा आयुक्त की अध्यक्षता में गठित उच्च स्तरीय समिति ने जांच प्रक्रिया को तेज कर दिया है। सोमवार को समिति ने इस प्रकरण में सवाई मानसिंह मेडिकल कॉलेज के पूर्व प्रधानाचार्य एवं नियंत्रक डॉ. सुधीर भण्डारी, स्टेट ऑर्गन एण्ड टिश्यु ट्रांसप्लांट ऑर्गनाइजेशन के संयुक्त निदेशक रहे डॉ. अमरजीत मेहता एवं सवाई मानसिंह अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अचल शर्मा को नोटिस जारी कर प्रत्यारोपण से जुड़ी सूचनाएं मांगी हैं एवं वस्तुस्थिति से अवगत कराने को कहा है।

## बीजेपी ने किया हिटलर की तरह शासनः आरएलपी सुप्रीमो बेनीवाल बोले- बीजेपी हमें मिटाना चाहती है और हम उन्हें रोकना चाहते हैं

खबरों की दुनिया

**चित्तौड़गढ़।** चित्तौड़गढ़ लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी उदयलाल आंजना के समर्थन में सोमवार को राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के सुप्रीमो हनुमान बेनीवाल कपासन पहुंचे। यहां जनसभा का आयोजन किया गया। हनुमान बेनीवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह हिटलर की तरह शासन करके देश की 23 चुनी हुई सरकारों को गिराया है। उस समय राजस्थान की सरकार को भी गिरने की कोशिश की गई थी लेकिन कांग्रेस पार्टी ने हिम्मत रखी। उन्होंने कहा कि तब हम गिराने में थे लेकिन आज हम कांग्रेस के साथ है। हमने अपना पाला बदल लिया है।

**संसद में उठाता था चित्तौड़गढ़ के मुद्दे**

बेनीवाल ने कपासन के बस स्टैंड पर एक जनसभा का आयोजन किया। जहां उन्होंने लोगों को संबोधित किया। उन्होंने कहा, हमें बीजेपी को हराने वाले उम्मीदवार को जिताना होगा। आने वाला समय आपका है। बच्चों का भविष्य कौन सुरक्षित रख सकता है, हमारी पहरेदारी कौन कर सकता है, ऐसे प्रत्याशी को चुनना होगा।



बीजेपी हमें मिटाना चाहती है और हम उन्हें रोकना चाहते हैं। हमारे भाग्य का फैसला 26 तारीख को आप लोगों के ऊपर है। उन्होंने कहा कि अब बोतल (आरएलपी का चुनाव चिन्ह) को हाथ ने पकड़ रखा है और हाथ में बोतल है। यानी बोतल और हाथ दोनों एक दूसरे के साथ है। अब हमारी बोतल की टीम मजबूती के साथ उदयलाल आंजना को जिताने में लगी है। उन्होंने कहा कि मैं संसद में जब भी चित्तौड़गढ़ का मामला उठाता था तो सीपी जोशी को तकलीफ होती थी और वह कहते थे कि आपको क्या करना है। मैंने उनको कहा कि हम राजस्थान से हैं। आप बीजेपी के और हम आरएलपी पार्टी के हैं। हम राजस्थान से हैं तो मुद्दा उठा ही सकते हैं।

## हैरिटेज निगम की पॉलिथीन के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई में 159 चालान काटे

खबरों की दुनिया

**जयपुर।** स्वच्छ सर्वेक्षण-2024 में शहर स्वच्छता के सभी मानदण्डों पर खरा उतरे इस हेतु हैरिटेज निगममध्येनजर जयपुर शहर को स्वच्छता की रोज कुछ न कुछ स्वच्छता हेतु गतिविधि कर रहा वहीं सिंगल यूज प्लास्टिक विक्रेताओं पर भी निरन्तर कार्रवाई कर रहा है। आयुक्त अभिषेक सुराणा ने बताया कि स्वास्थ्य दस्ते ने उपायुक्त स्वास्थ्य सोहन सिंह नरूका के निर्देशन में पॉलिथीन के विरूद्ध कार्रवाई करते हुये 159 चालान काटे एवं व्यापारियों से 1 लाख 28 हजार 200 रूपये कैरिंग चार्ज वसूल किया एवं भविष्य में व्यापारियों को पॉलिथीन उत्पाद का वितरण नहीं किये जाने के लिये सूचित किया गया।

## भाजपा की मोदी सरकार में विकास के साथ कश्मीर से धारा 370 हटाने और अयोध्या में राम मंदिर निर्माण का काम हुआ : सीपी जोशी

खबरों की दुनिया

**वल्लभनगर।** चित्तौडगढ़ लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी के समर्थन में सोमवार को वल्लभनगर विधानसभा के भिंडर में विशाल जन सभा का आयोजन हुआ, जिसमें भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह, राज्य सरकार में मंत्री झाबर सिंह खर्रा, विधायक उदयलाल डांगी, गोवर्धन वर्मा, प्रदेश महामंत्री श्रवण सिंह बगड़ी, जिला अध्यक्ष चंद्रगुप्त सिंह चौहान, पूर्व विधायक रणधीर सिंह भिंडर, पूर्व विधायक प्रत्याशी दीपेंद्र कौर एवं हिम्मत सिंह झाला सहित पार्टी के



पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं आमजन उपस्थित रहे। विशाल जनसभा को सम्बोधित करते हुए राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह ने कहा कि आपके सांसद सीपी जोशी हमेशा क्षेत्र के विकास के लिए तत्पर रहें है। जब भी मैं संसद में सीपी जोशी को देखता था तो हमेशा उनके हाथों में एक मोटी फाईल दिखाई देती थी मै समझता था कि प्रदेश अध्यक्ष होने के नाते राजस्थान के विकास कार्यो के संबंध में होंगी, लेकिन ये सभी फाइलें चित्तौड़गढ के विकास कार्यो से संबंधित हुआ करती थी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गरीब कल्याण की दिशा में लगातार मजबूत कदम उठा रहें है। अब 70 साल से अधिक के प्रत्येक नागरिक को आयुष्मान योजना के अंतर्गत 5 लाख रूपये तक का मुफ्त इलाज मिलेगा, 14 करोड घरों तक नल से पीने का जल पहुंच गया है आने वाले समय में दूर दराज के गांवों को भी नल से पीने का पानी मिलेगा। अगले पांच सालों तक देश के हर गरीब व्यक्ति को मुफ्त अनाज देने का संकल्प लिया है। अगले पांच सालों में हर घर में पाईप लाईन के माध्यम से गैस भेजी जाऐगी। गरीबों की आमदनी कैसे बढ़ें, बिजली का बिल जीरो किस प्रकार हो, भाजपा के संकल्प पत्र में है कि एक करोड़ गरीब और मध्यम वर्ग के लोगों के घर का बिल सोलर पावर के माध्यम से जीरो होगा साथ ही आमदनी भी होगी। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा बाबर को महान बताया, सनातन का अपमान किया और राम को काल्पनिक बताया।

### पूजा-अर्चना

**जयपुर (खबरों की दुनिया)।** राजस्थान के राज्यपाल कलराज मिश्र ने महाराष्ट्र के राज्यपाल रमेश बैस के साथ सोमवार को मेहंदीपुर बालाजी पहुंचकर वहां पूजा–अर्चना की। उन्होंने वहां सभी के सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना की। राज्यपाल मिश्र ने इस दौरान कहा कि मेहंदीपुर बालाजी पावन तीर्थ स्थल है। हनुमान जी का यह पवित्र धाम आस्था और विश्वास से जुड़ा है। उन्होंने हनुमान जी का अभिषेक किया और सबके मंगल की कामना की।



**लोकसभा आम चुनाव-2024...**

## भारत निर्वाचन आयोग ने की लोकसभा क्षेत्रवार समीक्षा



### दूसरे चरण के जिला निर्वाचन अधिकारियों एवं पुलिस अधीक्षकों को दिए आवश्यक दिशा–निर्देश

खबरों की दुनिया

**जयपुर।** भारत निर्वाचन आयोग के उप निर्वाचन आयुक्त मनोज कुमार साहू ने सोमवार को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से दूसरे चरण के सभी जिला कलक्टर और पुलिस अधीक्षकों के साथ बैठक कर लोकसभा आम चुनाव-2024 की तैयारियों की लोकसभा क्षेत्रवार समीक्षा की।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के उच्चाधिकारियों ने बैठक में लोकसभा चुनाव के लिए ईवीएम से जुडें समस्त प्रोटोकॉल का विशेष तौर पर रिप्लेसमेंट की स्थिति में एसओपी का ध्यान रखने पर बल दिया। राजनैतिक दलों को ईवीएम कमिशनिंग की सूचना देने एवं उनकी सभी जिज्ञासाओं का तर्कपूर्ण जवाब दिए जाने के निर्देश दिए। आवश्यकतानुसार समय-समय पर राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों एवं प्रत्याशियों के साथ बैठक करने का भी सुझाव दिया।

साहू ने विधानसभा चुनाव-2023 के समय राजस्थान द्वारा मतदान दिवस एवं इससे पूर्व के 72 घंटों के समय की गयी संपूर्ण व्यवस्थाओं की सराहना की एवं साथ ही सुझाव दिया कि इस बार भी इस एसओपी का विशेष ध्यान रखा जाना है एवं मतदान दिवस को त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित कराने के लिए पहले से ही तंत्र विकसित किया जाना है। लोकसभा चुनावों के समय गर्मी के मौसम को देखते हुए मतदान दल के सदस्यों के साथ-साथ मतदाताओं के लिए छाया, पेयजल एवं लू से बचाव के उपाय सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने सभी रिटर्निंग अधिकारियों एवं जिला पुलिस अधीक्षकों से उनके जिले में लॉजिस्टिक अरेंजमेंट, बैलेट पेपर प्रिंटिंग, ईटीबीपीएस की स्थिति, होम वोटिंग, प्रशिक्षण, मतदान दल रवानगी व्यवस्था, आदर्श आचार संहिता, सी-विजिल, शिकायत, जब्ती की स्थिति एवं एमसीएमसी की कार्य प्रक्रिया की वस्तुस्थिति के बारे में जानकारी प्राप्त की। बैठक में मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने आयोग के उच्चाधिकारियों को प्रदेश में उत्साहपूर्वक चल रही होम वोटिंग, केन्द्रीय पर्यवेक्षकों के साथ समन्वय के बारे में जानकारी प्रदान की साथ ही बताया कि इस बार मतदाता सूचना पर्ची को विशेष कैंप्स का आयोजन कर बीएलओ के माध्यम से वितरित करवाया गया है। पोस्टल बैलेट की आवश्यकता, कम्युनिकेशन प्लान, निर्वाचन संपन्न कराने वाले अधिकारियों-कर्मचारियों के प्रशिक्षण, कानून-व्यवस्था की स्थिति और स्वीप गतिविधियों की भी समीक्षा की। बैठक में राज्य के स्टेट पुलिस नोडल अधिकारीगण एवं निर्वाचन विभाग के अधिकारीगण भी उपस्थित रहे।

## उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी 24 अप्रैल को भीलवाड़ा शहर में करेगी रोड़ शो

खबरों की दुनिया

**भीलवाड़ा।** राजस्थान की उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी 24 अप्रैल को भीलवाड़ा विधानसभा अंतर्गत शहर के मुख्य बाजारों में रोड शो कर भाजपा लोकसभा प्रत्याशी दामोदर अग्रवाल के समर्थन में सघन जनसंपर्क द्वारा भाजपा के पक्ष में मतदान के साथ भीलवाड़ा लोकसभा सीट पर भाजपा को ऐतिहासिक जीत दिलाने की अपील करेंगी। इस अवसर पर लोकसभा प्रत्याशी दामोदर अग्रवाल भी उनके साथ रहेंगे।



स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक **अजय भारतीय** द्वारा आकाशदीप प्रिन्टर्स एण्ड पब्लिशर्स, सेक्टर 11 अग्रवाल फार्म जयपुर से मुद्रित एवं आकाशदीप सेक्टर-11 अग्रवाल फार्म, जयपुर से प्रकाशित। **सम्पादक :** एल. सी. भारतीय **मोबाइलः** 9829061123 **फोन :** 0141-2397778